चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 280, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 10 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सुरजेवाला को सुप्रीम कोर्ट से राहत, गैर जमानती वारंट पर 5 हफ्ते की रोक

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गैर जमानती वारंट के अमल पर 5 हफ्ते की रोक लगाई है। कोर्ट ने सुरजेवाला से कहा है कि वह वारंट रद्द करवाने के लिए एमपी-एमएलए कोर्ट में याचिका दायर करें। मामला सन् 2000 में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान हुए उपद्रव से जुड़ा है। सुरजेवाला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने से इनकार कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 22 मार्च को एफआईआर को निरस्त करने की अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि सुरजेवाला आरोप मुक्त करने की याचिका ट्रायल कोर्ट में दाखिल कर सकते हैं।

## फिल्म महोत्सव के लिए 75 क्रिएटिव माइंड्स का चयन

**नई दिल्ली**

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के 54वें संस्करण के लिए पूरे देश से 75 प्रतिभाशाली फिल्मकारों और कलाकारों का चयन किया गया है। '75 क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' के तहत सलेक्शन जूरी और ग्रैंड जूरी पैनल द्वारा चयनित प्रतिभागियों की बहुप्रतीक्षित सूची की घोषणा कर दी गई है। ये सिनेमाई प्रतिभाएं भारत के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित की गई हैं। सबसे अधिक प्रतिभाएं महाराष्ट्र से, इसके बाद दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और तमिलनाडु से चुनी गई हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा, ह्यइस साल, हम एक बार फिर से 75 क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो के अंतर्गत समूचे भारत से 10 श्रेणियों के लिए 75 प्रतिभाशाली युवाओं को शामिल कर रहे हैं ह्व उन्होंने कहा कि वह उन शानदार लघु फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे, जो फिल्म निर्माण चुनौती के अंतर्गत निर्मित की जाएंगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी विजेता विशेष रूप से आयोजित किए जा रहे मास्टर क्लास और सत्रों के माध्यम से ज्ञान अर्जित करेंगे।

# अयोध्या को योगी सरकार की सौगात

## तीर्थ विकास परिषद का गठन, मंदिर म्यूजियम और अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान को मिली मंजूरी

**लखनऊ**

**दीपोत्सव से** पहले भगवान राम की नगरी अयोध्या गुरुवार को एक और ऐतिहासिक पल की गवाह बनी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहली बार अयोध्या में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 14 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। सबसे खास बात ये रही कि स्वयं सीएम योगी ने कैबिनेट से पास प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट में पास प्रस्तावों के केंद्र में अयोध्या ही रही, जहां अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन के साथ ही यहां 25 एकड़ भूमि में मंदिर म्यूजियम बनाने, अयोध्या शोध संस्थान को अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान का दर्जा देने के साथ ही विभिन्न मेलों को राजकीय मेलों का दर्जा दिए जाने संबंधी प्रस्तावों पर मुहर लगी। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र और राज्य के सहयोग से 178 परियोजनाएं चल रही हैं, जिसके अंतर्गत 30 हजार 500 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। अयोध्या एक नए युग की ओर जा रही है। पूरी दुनिया आज अयोध्या की तरफ आकर्षित हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

**एक्सपोर्ट का हब बनेगा उत्तर प्रदेश**

श्रीराम संग्रहालय में कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद सीएम योगी ने पास हुए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे पहला प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में पहली बार अंतदेर्शीय राजमार्ग प्राधिकरण के गठन का था, जिसे मंजूरी दी गई है।



### ड्रोन पॉलिसी को भी दी गई मंजूरी

**कैबिनेट** ने ड्रोन पॉलिसी को भी मंजूरी दी है। सीएम योगी ने कहा कि ड्रोन आज बहुत उपयोगी हो चुका है। फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के साथ-साथ एग्रीकल्चर और सिक्योरिटी के क्षेत्र में इसका उपयोग हो रहा है। इसके दुरुपयोग की भी आशंका है, इसलिए राज्य सरकार ने भारत सरकार के सिविल एविएशन एक्ट के अंतर्गत इस पॉलिसी के लिए राज्य स्तर पर एक नियमावली लागू कर रहे हैं। नियमावली के तहत ड्रोन की गतिविधियों को थाना स्तर से भी निगरानी की जा सकेगी कि वहां कितने ड्रोन मौजूद हैं, किस तरह के उपयोग के लिए हैं। राज्य के अंदर भी भी रेड, ग्रीन और येलो जोन निर्धारित करने के लिए भी कार्यवाही की जाएगी। रेड जोन नो फ्लाई जोन होते हैं,जहां कोई गतिविधि संचालित नहीं हो सकती।

### अयोध्या में मंदिर म्यूजियम के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान का विस्तार

**सीएम** योगी ने बताया कि अयोध्या के माझा जमथरा में 25 एकड़ भूमि को मंदिर म्यूजियम के लिए देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग अयोध्या धाम में दर्शन के लिए आएंगे वहां वो दर्शन के साथ-साथ भारत के वास्तु के बारे में भी जान सकेंगे। अलग-अलग कालखंड में किस-किस प्रकार के मंदिर बने,उन सभी मंदिरों के इतिहास को हम मंदिर म्यूजियम के माध्यम से सबके सामने रख सकें, इसके लिए इस प्रस्ताव को पास किया गया है। इसके साथ ही, अयोध्या में अयोध्या शोध संस्थान को




विस्तार देते हुए अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान का दर्जा दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इसमें भारत समेत दुनिया के विभिन्न देशों में जो रामायण कथा प्रचलित है, वैदिक ज्ञान की परंपरा समेत इन सभी चीजों को जोड़ते हुए एक विस्तृत अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी।

**दीपोत्सव और देव दीपावली को राजकीय मेले का दर्जा**

सीएम योगी ने बताया कि कैबिनेट ने प्रदेश में होने वाले विभिन्न मेलों के प्रांतीयकरण के प्रस्ताव को भी पारित किया है। हाथरस में दाउजी महाराज की स्मृति में होने वाले ब्रज की द्वार देहरी लक्खी मेले को राजकीय मेले का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त अयोध्या में जितने भी मेले लगेंगे चाहे वो कार्तिक पूर्णिमा का मेला हो, रामनवमी, दीपोत्सव या मकर संक्रांति और वसंत पंचमी का मेला हो, इन सभी को राजकीय मेले का दर्जा दिया गया है, ताकि आने वाले समय में इनके आयोजन में धन की कमी न होने पाए।

### अयोध्या, देवीपाटन और शुक्रतीर्थ विकास परिषद के गठन को भी मंजूरी




**सीएम** योगी ने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनने के बाद श्रद्धालु और भक्तों की जो बड़ी संख्या यहां आने वाली है उसको ध्यान में रखते हुए यहां पर श्री अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। यहां के पर्व, यहां के त्योहार और यहां की व्यवस्थाओं को अच्छे ढंग से पूर्ण करने के लिए स्थानीय स्तर पर, राज्य स्तर पर और केंद्र सरकार के सहयोग से और अन्य धर्मार्थ संस्थाओं के साथ मिलकर इनको आगे बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही मां पाटेश्वरी धाम देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद के गठन की प्रक्रिया के प्रस्ताव को भी यहां पास किया है। यह एक महत्वपूर्ण तीर्थ है, जहां नेपाल से जुड़े हुए श्रद्धालु नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में यहां विशेष रूप से आते हैं। इसके अलावा शुक्रतीर्थ विकास परिषद के प्रस्ताव को भी पारित किया गया है। हम सब जानते हैं कि मुजफ्फरनगर जनपद में स्थित इस तीर्थ में राजा परीक्षित ने सबसे पहले श्रीमदभागवत महापुराण की कथा सुनी थी, जिसके कारण उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ था। हमारी सरकार ने वहां पर गंगा की धारा को लाने में सफलता प्राप्त की है और अब हम इसे तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

## भाजपा ने मध्यप्रदेश को बीमारू से बेमिसाल राज्य बनाया: सीतारमण

**भोपाल**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मध्यप्रदेश की वर्ष 2003 से पहले की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। तब मध्यप्रदेश की गणना देश के एक बीमारू राज्य के रूप में होती थी, लेकिन 2003 में भाजपा के सत्ता संभालने के बाद प्रदेश का तेजी से विकास किया गया और आज मध्यप्रदेश एक बेमिसाल राज्य बन गया है। केंद्रीय मंत्री सीतारमण गुरुवार को भोपाल में भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता का संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य आसानी से नहीं हुआ। 2003 से 2014 तक प्रदेश



की भाजपा सरकार और 2014 से भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास करके मध्यप्रदेश को बेमिसाल राज्य बनाया। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद मप्र के ऋण अनुपात को 31 प्रतिशत से घटाकर 27 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश की कृषि विकास दर तीन प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति आय 12 गुना तक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास के पांच सूत्र (5-जी) के जरिए विकास करके मध्यप्रदेश को बेमिसाल राज्य बनाया है।

भाजपा की सरकार ही कर सकती है। कांग्रेस जब सत्ता में आती है तो वह प्रदेशों के विकास की बजाय उन्हें अपने एटीएम की तरह इस्तेमाल करती है। कर्नाटक का हाल आप देख ही रहे हैं। भाजपा की सरकार में विकास में अग्रणी राज्यों में शामिल रहा कर्नाटक आज किस स्थिति में पहुंच गया है।

## रक्षा पेंशनभोगियों को दिवाली गिफ्ट, ओआरओपी बकाये की तीसरी किस्त जारी करने के निर्देश

**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दीपावली से पहले रक्षा पेंशनभोगियों को वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के तहत बकाये की तीसरी किस्त जारी करने के निर्देश दिए। सरकार ने पिछले दिसंबर में ओआरओपी के तहत रक्षाकर्मियों की पेंशन में पूर्व तिथि यानी एक जुलाई, 2019 से संशोधन को मंजूरी प्रदान की थी। इसके बकाये का चार किस्तों में भुगतान किया जाना है।

**रक्षा मंत्री के कार्यालय ने बैंकों और एजेंसियों को दिए निर्देश**



रक्षा मंत्री के कार्यालय ने बताया कि 'स्पर्श' प्रणाली के जरिये पेंशन निकालने वाले सभी रक्षा पेंशनभोगियों के लिए बैंकों और अन्य एजेंसियों को भी निर्देश दे दिए गए हैं। रक्षा मंत्रालय की आनलाइन पेंशन वितरण प्रणाली को 'स्पर्श' कहा जाता है, जिसकी शुरूआत वर्ष 2021 में की गई थी।

**4.52 लाख नए लाभार्थी हैं शामिल**

30 जून, 2019 तक सेवानिवृत्त रक्षाकर्मी संशोधित पेंशन के दायरे में हैं। इनमें एक जुलाई, 2014 के बाद समयपूर्व सेवानिवृत्त हुए रक्षाकर्मी शामिल नहीं हैं। पिछले वर्ष दिसंबर में अनुमान लगाया गया था कि इस फैसले से 25.13 लाख पेंशनभोगियों और पेंशनभोगी परिवारों को लाभ होगा। इनमें 4.52 लाख नए लाभार्थी शामिल हैं। सरकार ने वर्ष 2015 में ओआरओपी योजना लागू करने की अधिसूचना जारी की थी। इसमें प्रत्येक पांच वर्ष में पेंशन की समीक्षा करने का प्रविधान किया गया था।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन पहुंचे भारत, 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में होंगे शामिल



**नई दिल्ली**

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पालम हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

**भारत पहुंचे अमेरिकी रक्षा मंत्री**

अमेरिकी रक्षा मंत्री 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में शामिल होने के लिए भारत दौरे पर आए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

**भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में होंगे शामिल**

बता दें कि अमेरिकी रक्षा मंत्री 9-10 नवंबर को होने वाली 5वीं भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी रक्षा मंत्री अपनी भारत यात्रा के बाद दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया की भी यात्रा करेंगे। यह इंडो-पैसिफिक की उनकी 9वीं यात्रा होगी। अमेरिकी रक्षा सचिव ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, यह इंडो-पैसिफिक की मेरी 9वीं यात्रा तब हो रही है। अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ इंडो-पैसिफिक के साझा दृष्टिकोण की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति कर रहा है।

**अमेरिकी विदेश मंत्री कल आएंगे भारत**

इसके अलावा, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी 10 नवंबर को भारत पहुचेंगे। वह 5वीं भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लेंगे। बता दें कि इस वार्ता से अमेरिका और भारत के बीच शीर्ष-स्तरीय चर्चा के लिए एक मंच बनेगा।

## महुआ मोइत्रा के मामले में एथिक्स कमिटी दो फाड़, निष्कासन के पक्ष में आए छह सांसद

**नई दिल्ली**

**टीएमसी सांसद महुआ** मोइत्रा पर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले को लेकर पार्लियामेंट एथिक्स कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक की जानकारी देते हुए एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने कहा,"महुआ मोइत्रा के खिलाफ आरोपों पर एथिक्स कमेटी ने एक रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट आज की बैठक में तैयार की गई है। छह सदस्यों ने इसका समर्थन किया। जबकि चार सदस्यों ने अपनी असहमति जाहिर की है।

**लोकसभा को सौंपी जाएगी विस्तृत रिपोर्ट**

विनोद सोनकर ने आगे कहा," एक विस्तृत रिपोर्ट कल लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ जो भी कार्रवाई होगी वो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर रिश्वत के बदले व्यापारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर अडानी ग्रुप को निशाना बनाने वाले सवाल लोकसभा में पूछने का आरोप लगाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महुआ ने लोकसभा के मेल आईडी का अपना लॉगइन हीरानंदानी को दे दिया था और वो इससे विभिन्न जगहों से प्रश्न डालता था। दूसरी ओर महुआ ने भी माना है कि हीरानंदानी ने उनके लॉगिन का उपयोग किया है, लेकिन टीएमसी सांसद का कहना है कि उसने रिश्वत पाने या कोई गिफ्ट लेने के लिए नहीं किया है।

## तीन सदस्यीय पीठ करेगी जन्मभूमि-ईदगाह मामले की सुनवाई

**मथुरा**

**श्रीकृष्ण** जन्मभूमि-ईदगाह विवाद की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ करेगी। पीठ में मुस्लिम समुदाय के एक जस्टिस को भी शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में ईदगाह पक्ष की ओर से दाखिल एसएलपी पर सुनवाई कर रहा है। इसमें मांग है कि विवाद की सुनवाई जिला कोर्ट में की जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 10 नवंबर को होनी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से उन्हें नोटिफिकेशन मिला है, जिसके अनुसार 10 नवंबर को होने वाली सुनवाई के लिए जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसान उद्दीन अमानुल्लाह की पीठ गठित की गई है।

## मैं दलित हूं इसलिए जलील किया', मांझी का नीतीश पर पर पलटवार

**पटना**

बिहार विधानसभा में गुरुवार को सीएम नीतीश कुमार और हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के मुखिया जीतन राम मांझी के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सीएम नीतीश कुमार ने मांझी को कह दिया कि उनकी मूर्खता की वजह से ही वो सीएम बने थे। नीतीश कुमार ने मांझी के साथ तू-तड़ाक की भाषा में भी बात की। वहीं, अब मांझी ने नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

जीतन राम मांझी ने एक्स पर लिखा, "नीतीश कुमार अगर आपको लगता है कि आपने मुझे मुख्यमंत्री बनाया यह आपकी भूल है। जब जदयू विधायकों ने लतियाना शुरू किया तो उसके डर से आप कुर्सी छोडकर भाग गए थे। अपनी नामर्दी छुपाने के लिए एक दलित पर ही वार कर सकतें





है, औकात है तो ललन सिंह के खिलाफ बोलकर दिखाइए जो आपका ऑपरेशन कर रहे थे।"

**'...इसलिए सदन में जलील किया'**

जीतन राम मांझी ने सदन से बाहर आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। उन्होंने कहा, "मयार्दा को लांघ रहे सीएम नीतीश.. हम उनसे हर मामले में सीनियर। सदन में तू-तड़ाक से मुझसे बात की गई। नीतीश ने अपनी लाज बचाने के लिए सीधे-साधे आदमी को इस्तेमाल किया।" मांझी ने यह भी कहा, "मैं भुइयां-मुसहर हूं इसलिए सदन में जलील किया।"

**'महागठबंधन सरकार दलितों का करती है अपमान'**

बिहार विधानसभा में विपक्ष क नेता विजय कुमार सिन्हा ने भी नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "महागठबंधन सरकार दलितों का करती है अपमान, भाजपा दलितों का अपमान नहीं सहेगी।" उन्होंने आगे लिखा, "आज नीतीश कुमार जी जिस तरह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी जी का अपमान किया यह घोर निंदनीय है। नीतीश कुमार जी सदन में माफी मांगें और अविलंब मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें।"

# जीजा ने साली को पिलाया जहर इलाज के दौरान हुई मौत

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव में रिश्ते को तार तार कर देने वाली घटना में जीजा ने साली को जहर देकर मार दिया। उतराव पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुऐ अरोपी को जेल भेज दिया है।फूलपुर के भुगवारा गांव निवासी अमरेंद्र पटेल उर्फ बैलिस्टर की ससुराल भुगवारा गांव में है। पत्नी की डीलवरी के बहाने अमरेंद्र अपनी साली को घर ले गया। घर पर रहने के दौरान अमरेंद्र व उसकी साली के बीच अवैध संबंध बन गए। अमरेंद्र हर हाल में अपनी साली से शादी करना चाहता था लेकिन ससुरालीजन नही माने। अमरेंद्र के ससुराल वाले जहां भी युवती का रिश्ता तय करते थे वह वहां अडंगा लगा देता था। किसी तरह युवती के परिजनों ने उसकी शादी बीते साल जौनपुर में कर दी। आरोपी अमरेंद्र ने ही शादी कराई थी। लोगो की माने तो अवैध संबंधों के चलते युवती गर्भवती थीं। युवती के ससुराल से मायके आने पर अमरेंद्र अपने मित्र के साथ युवती के मायके पहुंच गया।



युवती को दवा के नाम पर आरोपी अमरेंद्र ने जहर दे दिया। युवती की तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में युवती की मौत जहर से हुई जिसकी पुष्टि डाक्टरों द्वारा की गई। मामला बीते जून दो हजार बाइस का था। पीड़ित थाने आते लेकिन पूर्व थाना अध्यक्ष द्वारा कोई कार्यवाई नही की गई। मृतिका का भाई सुरेश कुमार जब देखा न्याय की आस नही रहा तो वह उच्चधिकारियों को भी लिखित पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई।लेकिन वहा से भी उसे निराश होना पड़ा।फिर भी हार नही माना न्याय की आश जगी न्यायालय की शरण लिया और तीन अमरेन्द्र उर्फ बैलिस्टर, अमर बहादुर पटेल व राजा बाबू बिन्द के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। मामला काफी टेड़ा था व रिश्ते से जुड़ा हुआ था।वर्तमान थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी द्वारा कई बिंदुओं पर लोगो से बात की गई।थाना अध्यक्षक की सक्रियता व काफी प्रयास के बाद जाँच मे मामला सामने आया। वही पुलिस ने शातिर आरोपी अमरेंद्र उर्फ बैलिस्टर को नागनाथ पुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के कड़ाई से पूछताछ मे गिरफ्तार अभियुक्त ने पुरा मामला तोते की तरह बोलना शुरू कर दिया। आवश्यक कार्यवाई के बाद पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के लिए चालान कर दिया। थाना अध्यक्ष की सक्रियता व कार्य शैली से पूरे क्षेत्र में शांति का माहौल है। वहीं मृतका के भाई सुरेश कुमार ने थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी की सराहना की कहां की ऐसे थाना अध्यक्ष रहे तो लोगों को न्याय के लिए भटकने की जरूरत नहीं है।

## दलित पिता व पुत्र को दबंगो ने पीटा, तीन पर एससी एसटी का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के वन का पूरा देवगलपुर में खेत से घर आ रहे दलित पिता व पुत्र को दबंगों ने लाठियों से मार पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। ममऊआइमा के वन का पूरा देवगलपुर गांव निवासी सुशील कुमार पुत्र रामकरन का आरोप है कि वह अपने खेत से घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि गांव के दबंगों ने अनायास उसे और उसके पिता को लाठियों से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए।तथा जान से मारने की धमकी भी दी। सुशील कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही विकास कुमार,कमल कुमार, जगन्नाथ के खिलाफ मार पीट जान से मारने की धमकी देने तथा एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मेजा का ऐतिहासिक रामलीला संपन्न

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** तहसील मुख्यालय स्थित मेजा खास में बारह दिन तक चले ऐतिहासिक रामलीला का समापन हो गया। समापन के मौके पर भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रथ पर भगवान श्रीराम, अनुज लक्ष्?मण, जानकी, भरत, शत्रुघन और हनुमान जी विराजमान थे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षाकर स्वागत किया। पूर्व की भांति इस वर्ष भी रामलीला को 12 दिन में पूरा किया गया है। जिन्हें देखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। भगवान के राजतिलक के बाद भगवान की शोभायात्रा निकाली गई,जो रामलीला स्टेज से बाजार होते हुए बोलन स्थित दशमी के बारी पहुंचकर संपन्न हुई। बाजार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा का इंतजार कर रहे थे, जैसे ही शोभायात्रा बाजार पहुंची श्रद्धालुओं ने भगवान का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष कैलाश गुप्ता,डायरेक्टर



लल्लन सिंह, व्यवस्थापक नेहरू सिंह, लालजी मिश्र, तौलन प्रसाद, योगेश जायसवाल, पंकज मोदी, मनीष गुप्ता, बाबा डान, प्रवीण गुप्ता, कैलाश शर्मा, टिंकू सिंह, राजू केशरी आदि मौजूद रहे।

## करछना तहसील क्षेत्र के भडेव्रा बाजार का दशहरा मेला आज

**करछना।** के भडेव्रा गांव का भव्य व आकर्षक दशहरा मेला शुक्रवार को आयोजित किया गया है। जिसमें व्यवस्थापको की ओर से मेले को आकर्षक ढंग से विद्युत झालरों सहित रोशनियों से सजावट की जा रही है । वहीं रामा दल की ओर से विशेष चौकियां भी निकाली जाएगी । साथ ही साथ रात्रि कालीन में कृत्रिम रावण के पुतले का दहन भी होगा । और भरत –मिलाप भी होगा । यह जानकारी दशहरे मेले के आयोजक और संयोजक तथा व्यवस्थापक में प्रभा कांत मिश्र और देव प्रभाकर मिश्र तथा गंगेश्वर मिश्र की ओर से संयुक्त रूप से दी गई है । उन्होंने स्थानीय व्यापारियों समेत अन्य सभी लोगों से दशहरे मेले में शिरकत करने और सफल बनाए जाने की अपील की है।

# अमेरिका से लौटने पर डॉ. विनोद सिंह का हुआ भव्य स्वागत



अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** अमेरिका से लौटने पर गुरुवार को प्रयागराज स्टेशन पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और मनोहर दास अस्पताल के रेटिना विशेषज्ञ डॉ विनोद कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्र के लोगो ने उनको माला पहना कर स्वागत किया। अमेरिकन एकेडमी ऑप्थेल्मोलॉजी के 127वें सम्मेलन में प्रयागराज से नेत्र सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया था। जहा रेटिना विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार सिंह दो शोध पत्र प्रस्तुत किया। स्वागत करने वालो में पूर्व प्रधान इंद्रेश बहादुर सिंह, , जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह पिंटू, चंचल द्विवेदी, डिंपल सिंह उमरी, सनी सिंह, कौशल सिंह, साधु प्रधान, रवि सिंह, रवि यादव, शिवेंद्र यादव, असलम खान, मनोज यादव, मुन्ना सिंह घरारा, विजय सिंह, मुकेश गुप्ता, अवनीश सिंह, शशांक शेखर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## मां के आशीर्वाद से ही सफल हुआ महोत्सव : अशोक

**करछना।** तन मन धन के योग से भले ही कोई छोटे –बडे.आयोजन कर लिये जांय लेकिन उनके पीछे कुछ लोगों की साधना और मां वीणापाणि की असीम कृपा ही सफलता का द्योतक बन जाती है।यह मां सरस्वती की असीम कृपा का असर रहा जिससे चलते अनवरत सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव में मंचपर अपनी विधि, साहित्य, कला, समाजसेवा, राजनीति, शिक्षा, आध्यात्म जगत की विभूतियों के साथ साथ जमुनापार की युवा और बाल प्रतिभाओं को एक मंच पर संजोते हुए २५वें महोत्सव का सफल समापन हुआ। यह बातें जमुनापार महोत्सव के समापन के बाद चर्चित हास्य कवि,कलाकार और आकाशवाणी दूरदर्शन के कार्यक्रम संचालक अशोक सिंह बेशरम ने कही। उन्होंने एक विशेष दायरे में रह कर महोत्सव आयोजन में अपनी भूमिका के प्रति सन्तोष व्यक्त करते हुए कहा कि मंच पर एकसाथ बड़े पैमाने पर कवि कलाकारों को प्रस्तुत करना कठिन कार्य है जिसके चलते कुछ लोगों की नाराजगी स्वाभाविक है किंतु कई लोगों के सुझावों के चलते हमारी भूमिका संक्षिप्त हो जाती है। जो छूट गए हैं आगे विशेष रूप से ऐसे लोगों को समाहित किया जाएगा। हास्य कवि ने कहा कि इस महोत्सव को गतिमान रहने हेतु उन्हें चाहकर भी कई समझौते करने पड़ते हैं।इस बार जमुनापार के कई विद्यालयों से महोत्सव में आमंत्रित बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा तो वहीं बिबिध कार्यक्रमों की श्रृंखला में गायन,वाद्य, नृत्य की अनूठी प्रस्तुतियों की श्रोताओं ने जमकर सराहना की। राष्ट्रीय स्तर के संस्कृत भाषा विद्वानों ने मंच को गौरवान्वित करते हुए अपनी संस्कृति संस्कार लोकपरंपरा और सनातन को सहेजने का मंत्र दिया तो वहीं प्रवाचकों द्वारा भगवान राम की मयार्दा, चर्चित,समरसता के आचरण का अनुसरण कर भारत को विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठापित करने का आवाहन किया गया। कवि, कलाकारों ने प्रस्तुतियों पर वाहवाही बटोरी तो वहीं अपने समाज के सराहनीय कार्य करने वाली बिभिन्न प्रतिभाओं को मंचपर सम्मानित किया गया।इन सात दिनों में जमुनापार के बिभिन्न क्षेत्रों से आये गणमान्यजन इसके साक्षी भी रहे और उनका आशीर्वाद भी मिला। इतने बड़े आयोजन में विशेषकर अच्छाइयों के बीच कुछ कमियां भी स्वाभाविक रहीं किन्तु आगे विचार विमर्श कर इसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। शीघ्र ही मंचपर छूटे बच्चों के पुरस्कार,अभिनन्दन पत्र आदि विद्यालयों में पहुंचाये जायेगें।एक बार फिर सभी के सहयोग,मनोयोग से सफल आयोजन हेतु महोत्सव के सूत्रधार डॉ भगवत पांडेय,विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी और महोत्सव आयोजन समिति की ओर से सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# दीपावली के नजदीक आते ही बाजारों में बढ़ी रौनक

अखंड भारत संदेश

**जारी।** दीपावली के त्योहार के लिए बाजार पूरी तरह सज गए हैं। दिवाली नजदीक आने के साथ ही बाजार में त्योहारी रौनक बढने लगी है। इस दीवाली पर बाजार में जमकर धन बरसेगा। लोगों ने खरीददारी के लिए बाजार का रुख कर लिया है। कौंधियारा जारी क्षेत्र में भी दीपावली को देखते हुए बाजार भी रोशन हो उठे हैं। रंगबिरंगी कैंडल्स, इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स और गिफ्ट पैक से बाजार गुलजार दिख रहे हैं। डिजाइनर दीये जो गणेश जी, स्वास्तिक और शुभ चिन्हों से सजे हैं, काफी डिमांड में हैं। इनकी कीमत 100 से 1000 रुपये तक की है। इसके अलावा हैंगिंग दिये भी इस बार काफी डिमांड में हैं। इनके साथ दिवाली पर आजकल दियों के बजाए कैंडल्स की अधिक मांग है। इसके लिए मार्केट में तरह-तरह के कैंडल होल्डर भी बिक रहे हैं। व्यापारी और दुकानदार भारतीय के साथ साथ चाइना के उत्पादों की बिक्री कर रहे है। इनमें सबसे ज्यादा वे प्रोडक्ट शामिल हैं जो दिवाली के अवसर पर उपयोग में लिए जाते हैं, जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान, प्लास्टिक के डेकोरेटिव आइटम्स, देवी-देवताओं की मूर्तियां, पटाखे और लाइट्स, क?योंकि ये काफी सस्ते दामों पर मिलते हैं और स्वदेशी आइटम से ज्यादा आकर्षक दिखाई देते हैं ।इसी वजह से ग्राहक इनकी ओर खिंचे चले आते हैं लेकिन इस बार ग्राहक चाइनीज प्रोडक्ट्स को लेने से बचते भी नजर आ रहे हैं।

**धनतेरस को लेकर बाजारों में खरीदारी तेज : मांडा।** धनतेरस को लेकर मांडा, भारतगंज, मांडा रोड,चिलबिला,नहवाई,हाटा, खवासतारा, सुरवादलापुर आदि विभिन्न बाजारों में दुकानें सज गई हैं। गुरुवार से ही बाजार में खरीदारों की भीड़ आने लगी है। धनतेरस दस नवंबर दिन शुक्रवार को है। धन और संपन्नता के प्रतीक कुबेर देव की इस दिन पूजा की जाती है। धन तेरस के साथ ही दीपावली का पंच दिनी प्रकाश पर्व शुरू हो गया। मांडा,भारतगंज आदि बाजारों में लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति, सजावटी लाइट, मिठाई, पटाखे, फुलझड़ी आदि से पूरी तरह सज गए हैं। वहां खरीददारों की भीड़ जुट रही है। मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन सोना-चांदी और नए बर्तन खरीदने की परंपरा है। ज्ञात हो कि कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस साल धनतेरस 10 नवंबर दिन शुक्रवार को है अर्थात आज है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला था और देवताओं के वैद्य धनवंतरी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए आरोग्य के लिए इस दिन धनवंतरी की उपासना भी की जाती है। धन और संपन्नता के लिए इस दिन कुबेर देव की पूजा की जाती है।

## धनतेरस आज सजे बाजार बढ़ी चहल-पहल

**सहसों।** धनतेरस एवं दीपावली के त्योहार पर एक दिन पहले से ही सहसों बाजार, चिलौंडा, रामनगर सहित आसपास के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है तथा मूर्ति सहित लाई गट्टा माला फूल सजावट के समान तथा रंगीन विद्युत झालर से बाजार सज गए हैं। धनतेरस पर आभूषण,बर्तन, ऑटोमोबाइल, मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक की दुकान विभिन्न प्रकार से आकर्षक वैराएटी के साथ दुकानदार अपनी दुकान सजा रखा है। मान्यता है कि धनतेरस के दिन सोने चांदी आदि धातु से बनी वस्तुओं को खरीदने से शुभ होने के साथ कई गुना वृद्धि होती है। इस पर आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि धनतेरस के दिन समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि सोने के कलश के साथ प्रकट हुए थे तथा उसमें से देवताओं को अमृत पिलाकर अमर कर दिया था। इसीलिए भगवान धन्वंतरि के जन्मोत्सव के रूप में भी धनतेरस का बड़ा महत्व है। धनतेरस के दिन भगवान कुबेर, मां लक्ष्मी की आराधना करने से घर में धन-धान्य एवं सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# कृष्ण सुदामा की मित्रता हर मानव के लिए मिसाल : आचार्य श्याम सुंदर

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** तिवारीपुर गांव में मुख्य यजमान विश्वंभर नाथ त्रिपाठी के संयोजन में चल रही संगीत मय सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कृष्ण सुदामा चरित्र एवं मित्रता का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने कहा मित्रता करो तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी। सच्चा मित्र वही है जो मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए मदद कर दे। इस कलिकाल में तो केवल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास ने कहा सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारिकापुरी जाते हैं। महल के द्वार पर पहुंचकर प्रहरी को भगवान कृष्ण का मित्र बताकर अंदर जाने की बात कही परंतु प्रहरियों ने उनका उपहास उड़ाने लगे। कथा व्यास ने कहा जब एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान



श्रीकृष्ण को पूरा वृतांत सुनाया तो श्रीकृष्ण ने भावविभोर होकर नंगे पांव ही सुदामा के पीछे दौड़ने लगते हैं और रोककर सुदामा को लिपट कर गले लगा लिया। प्रभु ने मित्र सुदामा की दुर्दशा को देखकर इतना दुःखी हुए कि प्रभु श्रीकृष्ण के आंखों से निकल रहे आंसुओं से सुदामा के पैर धुल गए। और दो मुट्ठी चावल के बदले सारे दुःख दरिद्र दूर करते हुए उन्हें धन संपदा वैभव से मालामाल कर दिया। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान विश्वंभर नाथ त्रिपाठी सहित आदि भक्तों ने व्यास पीठ भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं सहित यज्ञ मंडप की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से सुबोधय ओझा, बृजनंदन पांडे, लाल जी द्विवेदी, जितेंद्र कुमार शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, प्रमोद कुमार मिश्रा, वेदमणि तिवारी, चिंतामणि शुक्ला एवं राम शिरोमणि मिश्रा, राजेश कुमार द्विवेदी सहित आदि श्रद्धालु भक्त नर नारियों ने कथा पंडाल में उपस्थित होकर कथा का रसपान किए।

## सीता स्वयंवर, परशुराम-लक्ष्मण संवाद देखकर रोमांचित हुए ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** श्री बाल लीला रामलीला समिति नेदुला की रामलीला में राजा जनक के दरबार में श्रीराम ने जैसे ही धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयत्न किया, धनुष तेज आवाज के साथ टूट गया इसकी गूंज सुनकर भगवान परशुराम वहां पहुंच गए और फिर लक्ष्मण के साथ उनके तीखे संवाद हुए परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनकर दर्शक रोमांचित हो गए। धनुष भंग की रामलीला मंचन में जनकपुर की रंगशाला में सीता स्वयंवर का आयोजन हुआ बड़े बड़े राज्यों से शूरवीर जनकपुर पहुंचे थे। विवाह के लिए खुद को श्रेष्ठ बताते हुए एक-एक कर इन राजाओं ने धनुष तोड़ना तो दूर उसे तिल भर हिला भी नहीं पाए। बेटी के कुंवारे रह जाने के डर से राजा जनक विलाप करने लगे तो दर्शकों की भी आंखें नम हो गई।गुरु



विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने शिव धनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाई इस पर धनुष टूट गया। भक्तों ने श्रीराम के जयकारे के साथ पुष्प वर्षा शुरू की धनुष टूटने की आवाज सुनकर परशुराम प्रकट हुए परशुराम-लक्ष्मण संवाद को देखकर नेदुला गांव के निवासी मंत्र-मुग्ध हो गये।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सूरज दुबे, व्यास राहुल दुबे, अखिलेश दुबे, अनुज दुबे, राजपति विश्वकर्मा, अन्य पात्रों में विपिन दुबे, रंकज, अंकित दुबे, अजय यादव, राहुल कनौजिया, सचिन कनौजिया हिमांशु दुबे, विष्णु दुबे, विष्णु तिवारी, महाजन दुबे, अनुज विश्वामित्र, उज्ज्वल दुबे, हरीश दुबे, तेजस पांडेय, शिवम, अंकुश, बबलू जयसवाल, श्रीकांत सांवरा, राजनारायण दुबे, सुरेंद्र नाथ दुबे, कल्लू दुबे, अवधेश दुबे, आलोक पांडेय, दीनानाथ दुबे, योगेश दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक तहसील करछना में संपन्न



**करछना।** तहसील सभागार करछना में गुरुवार को अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन तहसील करछना प्रयागराज की अधिवक्ताओं की आम सभा का आयोजन किया गया संघ के अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने किया तथा नए संघ हेतु संघ के चुनाव के संबंध में सभी औपचारिकता वह कार्यक्रम से अवगत कराया गया जो निम्नवत है सदस्यता अभियान दिनांक 10 नवंबर से 5 दिसंबर तक सदस्यता सदस्यों की सूची का प्रकाशन दिनांक 7 दिसंबर तक सदस्यों की सूची का प्रकाशन प्रत्याशियों का नामांकन दिनांक 8 व 11 व 12 दिसंबर तक नामांकन पत्र वापसी दिनांक 13 दिसंबर प्रत्याशियों की अंतिम सूची दिनांक 14 दिसंबर व मतदान दिनांक 27 दिसंबर को व तत्पश्चात मतगणना का निर्णय सर्वसम्मत से किया गया उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश शुक्ला , हरिमोहन मिश्रा ,सुरेश चंद सिंह* राजेंद्र पांडे कृष्ण प्रताप सिंह विनोद द्विवेदी कृष्ण कुमार पांडे सुभाष श्रीवास्तव संदीप कुमार राजधार यादव हरे कृष्ण द्विवेदी,अवतार किशन सिंह ,अमित सिंह, ब्रह्म नारायण गौतम आदि उपस्थित रहे

### बदलगंज में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन





**नैनी।** नैनी बदलगंज में सम्मान समारोह हुआ आप सभी दर्शकों के स्नेह, प्रेम और बड़ों के आशीर्वाद के फलस्वरूप प्रयागराज, बादलगंज, नैनी के पावन धरा पर पत्रकारिता जगत में ईमानदार छवि और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वहां की जनता जनार्दन, शिक्षकों और पत्रकार साथियों के द्वारा स्वागत किया गया और देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले महाराष्ट्र के पावन धरा से आए बीजेपी के कद्दावर नेता और आरएसएस के विचारक संजय सीपी जोशी के द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया इसके लिए हम अपने समस्त दर्शकों और नैनी के तमाम साथियों, पत्रकार साथियों, कार्यक्रम के संयोजक देवराजी जेएमएसपब्लिक स्कूल के प्रबंधक और वहां की जनता जनार्दन औरमित्रों का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं आप सब ऐसे ही अपना प्यार और आशीर्वाद अपने छोटे भाई पर हमेशा बनाए रखिए।

### दीपावली त्यौहार को लेकर साफ सफाई के लिए दी नसीहत : अध्यक्ष प्रतिनिधि

**मांडा।** दीपावली त्यौहार को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक कर कस्बे की साफ सफाई के लिए नसीहत दिया। वहीं भारतगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी ने बैठक कर कर्मचारियों को दीपावली त्यौहार पर कस्बे में गन्दगी एवं अव्यवस्था पाए जाने पर विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही की जाने की बात कहा।सफाई कर्मचारियों के साथ विशेष बातों पर वातार्लाप करते हुए नगर में साफ सफाई का विशेष ध्यान देंने की अपील की।

### कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं

**जंघई।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के गुणों का बखान करने वाली श्री रामचरितमानस का पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है। जीवन की मंगल कामना के लिए किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है। जीवन की किसी भी शुभ शुरुवात के लिए लोग अखंड रामायण का पाठ करवाते हैं। इसी क्रम में धनऊपुर गांव में नव निर्मित भवन के अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन करने वालों में शिवनाथ मिश्रा, शिवशंकर मिश्रा भोलानाथ मिश्र,दिलीप मिश्रा, दीपक मिश्रा, राहुल मिश्रा, शिवम मिश्रा, शुभम मिश्रा एवं संजीव तिवारी, सोनू यादव, आयुष तिवारी, आदर्श, अंश, प्रिंस, कार्तिक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विद्यालय में बच्चों की हुई रंगोली प्रतियोगिता

**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजक और निर्णायक मंडल क्रमशः रागिनी दूबे साक्षी यादव मारिया खान की देखरेख में प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के चित्र जमीन पर चित्रित करके उन्हें रंगो द्वारा भरकर सुंदर रंगोली बनाई गई। छात्रों द्वारा बनाए गए चित्रों ने सबका मनमोहन लिया। संस्थान में जिन छात्राओं ने प्रतियोगिता में भागीदारी की थी उन्हें पुरस्कृत किया गया । पुरस्कृत छात्राओं में क्रमशः स्वाति चौरसिया, सृष्टि मिश्रा और आंचल यादव को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। और विशेष पुरस्कार जैनब बानो को दिया गया। पुरस्कार वितरण विद्यालय के प्रबंधक विनय उपाध्याय द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय समस्त छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### इम्पीरियो फेस्ट 2023 का हुआ आयोजन

मऊआइमा के ब्लाक बाजार स्थित इम्पीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में इम्पीरियो 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी गांगानगर मनोज सिंह व विशिष्ट अतिथिजिया उस्मानी रहे। प्रोग्राम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र मैजिक शो, भूल-भुलैया, घुड़सवारी, मिक्की माउस तथा खान-पान स्टाल के अलावा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर बच्चों और उनके अभिभावकों ने इम्पीरियो फेस्ट का जमकर लुत्फ उठाया। विधालय प्रबंधक नूर उद्दीन सैफी, संस्थान के चेयरमैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, मेराज आरिफ, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, डाक्टर मंसूर आलम, महेंद्र सोनी, सईद अहमद, विपुड पांडेय रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य ई एम विल्सन,उप प्रधानाचार्य उपेन्द्र राय ने किया।

### प्रधानाध्यापक ने कराया छात्रों को योगाभ्यास

**मांडा।** योग छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। यह एक ऐसी विद्या है जिसको जीवन में धारण करने से व्यक्ति का सवार्गीण विकास होता है। इसे अपनाने वाला व्यक्ति जीवन में कभी निराश नहीं होता है। यदि योग को विद्यार्थियों के जीवन में या दिनचर्या में आ जाय, तो वह विद्यार्थी अपने पुरुषार्थ से जीवन के प्रत्येक ऊचाईयों को प्राप्त कर सकता है। चूंकि योग हमें संस्कारवान, चरित्रवान, कर्मठ, अनुशासित, मेधावी, बनाता है। जरूरत हमें इसे नियमित रूप से अभ्यास करने की। उक्त बाते गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य होरी लाल ने अपने सभी छात्र- छात्राओ को कि योग अपनाने से शरीर की सारी बिमारियाँ का अंत हो जाता है। छात्रों को योगाभ्यास कराने के उन्होंने बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास से संबंधित योगाभ्यासों को कराया। मौके पर नीरज मिश्रा, अवधेश मिश्रा, आदि लोग शामिल रहे।

### धनतेरस की पूर्व संध्या पर डॉ. लाल मियां ने बांटा उपहार

**करछना।** दीपावली धनतेरस के पूर्व संध्या पर जीवनदीप हॉस्पिटल रामपुर के प्रबंधक डॉ गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मिंया ने अस्पताल के स्टाफ व क्षेत्र के गणमान्य लोगों को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उज्जवल रावण सिंह पूर्व मंत्री के कर कमलों द्वारा मिठाई व उपहार दें कर अस्पताल के कर्मियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है सभी क्षेत्र वासियों के घर में धन सुख और शांति का आगमन हो सभी लोग खुश रहे वहीं पर समाजसेवी मुस्तफा ने कहा कि हमारा मकसद क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य व आपसी भाईचारा बना रहे उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्य एक ऐसी चीज है जो हमारी आत्मा को संतुष्ट करती हैं हमें खुशी मिलती है डॉक्टर गुलाम मुस्तफा कई वर्षों से लोगों की मदद करते आ रहे हैं कोरोना काल रहा हो ,होली, दीपावली व मोहर्रम, बाल दिवस पर काफी किताब बांटना आदि कार्य लगातार करते आ रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अफजल, केशव विश्वकर्मा, फैसल, शाहबाज, बृजेश यादव अंजली सिंह, अमरीन , सुरूर फातमा , सैफ,मनजीत पटेल आदि लोग शामिल हुए।

# मेजा ऊर्जा निगम बनेगा यूपी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादक : सुनील कुमार

## निगम का लक्ष्य चार गुना विद्युत उत्पादन बढ़ाना, एक करोड़ रुपए की सीएसआर परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा प्रयागराज।** मेजा ऊर्जा निगम के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने मेजा ऊर्जा निगम की एक करोड़ रुपये की सीएसआर परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रयागराज से वर्चुअल मोड के माध्यम से कहा कि पड़ोसी गांवों में रहने वाले 10 हजार से अधिक लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए कंपनी तैयार है।

उन्होंने कई गांवों की इंटरलॉकिंग सड़कों का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया। इसके अलावा, कोहड़ार और बिजौरा में चल रही सौर ऊर्जा संचालित मिनी जल योजना की दो इकाइयां भी शुरू की गईं, और आसपास के गांवों के 30 चयनित युवाओं को तीन महीने का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करने के उद्देश्य से सीआईपीईटी कौशल-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया गया। एक हेल्थ एटीएम का उद्घाटन किया गया। वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी की आगामी विस्तार योजनाओं का अनावरण सीईओ सुनील कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए कंपनी की महत्वाकांक्षी विस्तार रणनीति का खुलासा करते हुए कहा, ₹मेजा ऊर्जा निगम उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा बिजली उत्पादक बनने की ओर अग्रसर है। यूपीआरवीयूएनएल की वर्तमान उत्पादन क्षमता को पार करने के लिए 1,320 मेगावाट की मौजूदा बिजली उत्पादन क्षमता में 5,600 मेगावाट जोड़ने की योजना बनाई है। ₹उत्पादित होने वाली 6,920 मेगावाट बिजली में से, लगभग 85% की भारी बहुमत उत्तर प्रदेश को आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एमयूएनपीएल की दो परिचालन इकाइयां (27660 मेगावाट) मेजा, प्रयागराज में स्थित हैं और यह चरण 2 के तहत मेजा साइट पर तीन और इकाइयां (3800 मेगावाट) जोड़ने के लिए तैयार है। सीईओ ने कहा कि कंपनी अपनी बिजली को चौगुना करने पर काम कर रही है। हम विभिन्न अवसरों की तलाश कर रहे हैं। सरकार गोविंद बल्लभ पंत सागर जलाशय में एक तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।भूमि अधिग्रहण, सार्वजनिक नियुक्ति की आवश्यकता है। साथ ही, यह वाष्पीकरण को भी कम करता है।₹स्वास्थ्य और स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कौशल निर्माणआस-पास के गांवों के 30 चयनित युवाओं को तीन महीने का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करना भी शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि₹हम विशेष रूप से फ्लोटिंग सोलर स्पेस में अपने बिजनेस पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए विभिन्न अवसरों की तलाश कर रहे हैं। हम गोविंद बल्लभ पंत सागर जलाशय में एक फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए यूपी सरकार के साथ शुरूआती बातचीत कर रहे हैं। कंपनी सामुदायिक विकास के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सतत विकास को बढ़ावा देने और ईएसजी की उपलब्धि की दिशा में प्रयासों के अनुरूप(पर्यावरण, सामाजिक और शासन) लक्ष्यों के लिए, एमयूएनपीएल ने समुदाय की ओर बड़ी राशि का निवेश किया है।सीइओ ने कहा, "बिजली उत्पादन की जरूरत बनी रहेगी लेकिन तरीका बदल जाएगा।" इसलिए भविष्य में हम थर्मल स्त्रोतों के माध्यम से बिजली उत्पादन को राख की मात्रा तक ही सीमित रखेंगे।₹हम सड़क और भवन निर्माण सहित फ्लाई ऐश के लिए नए अनुप्रयोगों की खोज कर रहे हैं।सामुदायिक विकास गतिविधियों और सीएसआर पहलुओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कुमार ने मीडिया को बताया कि अब तक 34 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। एनटीपीसी द्वारा संचालित कंपनी का बालिका सशक्तिकरण मिशन (जीईएम) कार्यक्रम दिल जीत रहा है। कंपनी हर साल मेजा के परियोजना प्रभावित गांवों से 40 लड़कियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण देती है। 10% मेधावी लड़कियाँ पूरी तरह से प्रायोजित शिक्षा के लिए अपने स्कूल में लीन हैं। इसके अलावा, कंपनी ने परियोजना प्रभावित गांवों में पहले ही महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।सौर ऊर्जा संचालित मिनी जल योजनाओं, सौर ऊर्जा संचालित आरओ सिस्टम की 12 इकाइयाँ स्थापित करना कंपनी का लक्ष्य है।

# डीसीपी ने फोर्स के साथ नैनी में किया फ्लैग मार्च



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर अभिनव त्यागी व सहायक पुलिस आयुक्त करछना अजित सिंह चौहान द्वारा नैनी थाना क्षेत्र में आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली को सकुशल संपन्न कराये जाने तथा शांति/कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत स्थानीय पुलिस बल के साथ मेवा लाल की बगिया हनुमान नगर स्टेशन रोड नैनी बाजार विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस मौके पर नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यश पाल सिंह एवं नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक एवम पर्याप्त संख्या में पुलिस बल साथ रही।

# बेटिकट पकड़े गए 500 से ज्यादा यात्री

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों पर रेलवे की ओर से शिकंजा कसा जा रहा है। लगातार चलती ट्रेनों में उड़ाका दल की टीम छापेमारी कर रही है। उत्तर मध्य रेलवे इस दिशा में विशेष अभियान चला रहा है। प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिभूषण एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में वृहद स्तर पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया` प्रयागराज मंडल से गुजरने वाली 14 गाड़ियों की जांच की गयी। इसमें 33 से अधिक टिकट कर्मियों, 15 रेलवे सुरक्षा बल एवं 25 जीआरपी की टीम लगाई गई थी।

**यात्रियों से लिया गया तीन लाख से ज्यादा जुर्माना :**

इस चेकिंग अभियान में प्रयागराज मंडल से गुजरने वाली सभी पैसेंजेर व एक्सप्रेस ट्रेनों समेत रेलवे स्टेशन पर भी चेकिंग की गयी, जिसमें 246 यात्रियों को बिना टिकट पाए जाने पर जुमार्ना स्वरूप 1,96,060 रुपये वसूल किए गए। इसी तरह 292 यात्रियों को अनियमित रूप से यात्रा करते पकड़ा गया और जुमार्ना स्वरूप 1,40,820 रुपये वसूल किए गए, जिसमें 17 यात्रियों को रेल परिसर में गंदगी फैलाते पकड़ा गया और इनसे जुमार्ना स्वरूप 1700 रुपये वसूल किये गये। इस प्रकार एक दिन में कुल 538 यात्रियों से कुल 3,38,580 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने बताया कि रेलवे की ओर से इस प्रकार के टिकट जांच अभियान को जारी रखा जाएगा।



# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने उर्दू दिवस पर अल्लामा इकबाल को याद किया

**प्रयागराज।** गुरूवार को प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी शाहनवाज आलम जी वह प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देश पर अल्लामा इकबाल मशहूर शायर के जन्मदिन के मौके पर बक्शी बाजार स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया इलाहाबाद में अल्लामा इकबाल साहब का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें उनकी एक नजम सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा को बच्चों ने पेश किया और विश्व विख्यात शायर अल्लामा इकबाल साहब के जीवन पर अल्पसंख्यक कांग्रेस इलाहाबाद ने एक विशेष गोष्ठी की गई जिसमें अल्पसंख्यक विभाग शहर अध्यक्ष अरशद अली ने अल्लामा इकबाल के योगदान को बताया वही मदरसे के इंतजामियां सभी हजरत ने बढ़चर के हिस्सा लिया खास कर जिसमें मौलाना हाफिज सैफ, मौलाना ग्यास-ुद्दीन मौलाना हाफिज कारी नसीम अख्तर महफूज अहमद, मो हसीन मुस्तकीन अहमद, दरक्षा कुरैशी,मुख्तार अहमद, जाहिद नेता, तबरेज अहमद, गुलाम वारिस, लाईक अहमद फैज अहमद, आदि मौजूद रहे।

## इसे व्यवस्था कहें या विडंबना !

# हाथ में ड्रिप व पेशाब की थैली लगी बेटी को गोद में लेकर एंबुलेंस के लिए भटकता रहा पिता

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) में बुधवार को हाथ में ड्रिप व पेशाब की थैली लगी 10 वर्षीय बेटी को लेकर पिता भुल्लन भटकते रहे। उन्हें कोई एंबुलेंस नहीं मिली। क्योंकि उनके पास पैसे नहीं थे। मुख्य गेट के बाहर बीमार बेटी के साथ दंपती को परेशान देखकर एक समाज सेवी ने ई-रिक्शा कर तीनों को चिल्ड्रेन अस्पताल भिजवाया। मिजार्पुर जिले के रुद्रपाल निवासी भुल्लन मेहनत मजदूरी कर अपना परिवार चलाते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले उनकी 10 वर्षीय बेटी राधा के पेट में दर्द हुआ तो वह अपनी पत्नी के साथ चिल्ड्रेन अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए थे। बुधवार को डॉक्टरों ने बेटी का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए एसआरएन अस्पताल में भेजा। किसी तरह वह बेटी को लेकर एसआरएन आए। अल्ट्रासाउंड कराकर बाहर निकलने पर उन्हें स्ट्रेचर नहीं मिला। वह बेटी के हाथ में ड्रिप व पेशाब की थैली लगी हुई उसे गोद में लेकर बाहर एंबुलेंस के खोज में निकले। पैसे न होने की वजह से कोई एंबुलेंस वाले उन्हें चिल्ड्रेन अस्पताल तक ले जाने के लिए तैयार नहीं हुए। भुल्लन अपनी पत्नी के साथ बेटी को गोद में लेकर गेट के बाहर बैठी रही और ई-रिक्शा वालों से बेटी को चिल्ड्रेन अस्पताल तक ले जाने की गुहार लगाता रहे। दंपती को परेशान देख एक समाज सेवी ने ई-रिक्शा कर उन्हें चिल्ड्रेन अस्पताल भिजवाया।

> मुझे इस बात की जानकारी नहीं है। यदि किसी कर्मचारी ने स्ट्रेचर देने से मना किया है तो जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अजय सक्सेना, प्रमुख अधीक्षक एसआरएन।**



## हाईकोर्ट समाचार

### अब्बास अंसारी और सिकरौरा कांड में फैसला सुरक्षित

**बाहुबली मुख्तार अंसारी और गजल होटल प्रकरण में पीठ कर रही थी सुनवाई**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी और गजल होटल प्रकरण में पुत्र अब्बास अंसारी के मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया है। दोनों ही मामलों की जस्टिस राजबीर सिंह की पीठ सुनवाई कर रही थी। मुख्तार अंसारी के खिलाफ यूपी सरकार ने असलहा जमा न करने का केस गाजीपुर की बजाय वाराणसी में चलाये जाने की मांग की है।क्योंकि, असलहे का लाइसेंस वाराणसी से ही जारी हुआ था। उधर, बाहुबली बृजेश सिंह सहित अन्य आरोपियों को बरी करने के खिलाफ अपील पर फैसला सुरक्षित कर लिया है।

### सिकरौरा कांड में बाहुबली बृजेश सिंह सहित अन्य आरोपियों को बरी करने के खिलाफ अपील पर फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी जिले के 37 साल पुराने सिकरौरा कांड मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। कोर्ट पिछले एक हफ्ते से लगातार सुनवाई कर रही थी। हीरावती और यूपी सरकार की ओर से दाखिल आपराधिक अपील पर मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी। वाराणसी सत्र अदालत ने सभी 13आरोपियो को बरी कर दिया था।जिसे पीड़िता ने अपील में चुनौती दी है। सात लोगों की हत्या की घटना 1986 में हुई थी। सुनवाई के अंतिम दिन याचियों की ओर से वरिष्ठद्द अधिवक्ता दिलीप गुप्ता, उपेंद्र उपाध्याय, सरकार की ओर से पीसी श्रीवास्तव ने दलील दोहराई कि घटना की रात में बृजेश सिंह को पुलिस ने गड़ासे के साथ पकड़ा था। विवेचना करने वाले पहले जांच अधिकारी के बयान से भी यह बात साबित है। चश्मदीद गवाहों ने भी अपने बयान में इसकी पुष्टि की है। हालांकि, प्रतिवादी अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह ने इसके विरोध में तर्क दिया। कहा कि निचली अदालत ने हर पहलुओं पर विचार करने के बाद ही कोई ठोस साक्ष्य न मिलने पर ही आरोपियों को बरी किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया।

# एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से शव को निकाला

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** मीरजापुर जनपद थाना लालगंज अन्तर्गत नेवढ़िया (तिखोर) गांव निवासी काली चरन का 24 वर्षीय बेटा गनेश कुमार उर्फ टील्ला अपने प्रेमिका दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ भाटा पारा की शबा उर्फ चांदनी से 13 अक्टूबर 2021को कोर्ट मैरिज करके मांडा क्षेत्र के भारतगंज में मकान किराए पर लेकर मजदूरी कर जीविकोपार्जन करता था। कुछ ही दिनों बाद भारतगंज करबला के पास पहाड़ी पर झुग्गी झोपड़ी बनाकर प्रेमी व प्रेमिका रहा करते थे। बुधवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गई और वह युवक दशमिहवा पहाड़ी पर सूनसान प्राचीन कुएं के पास पहुंचा पत्नी को साथ देख उसे दो थप्पड़ जड़ दिया और कुएं में कूद कर जान दे दिया। घटना की जानकारी पर मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय संधू ने सूचना देकर रेस्क्यू टीम को बुलाया लेकिन सफलता न मिलने पर एसडीआरएफ को भी बुलाया उसने दो घण्टे कड़ी मशक्कत कर युवक का शव कुएं से बाहर निकाला। युवक को देख परिजनों ने फफक कर रो पड़े। मांडा पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गुरुवार को महेवा गंगा घाट पर दाह संस्कार किया। दशमिहवा पहाड़ी पर स्थित सूनसान प्राचीन कुंआ में कई मौते हो चुके हैं।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा की आवेदन तिथि 15 तक बढ़ी

**मेजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में सत्र 2024-25 में रिक्त स्थानों के सापेक्ष कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में पार्श्व प्रवेश चयन परीक्षा- 2024 हेतु आन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2023 तक बढ़ा दी गयी है। यह जानकारी संस्था के प्रभारी प्राचार्य डा.पीके मिश्र ने देते हुए बताया कि उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि के पश्चात सुधार विडो दिनांक 16 नवंबर से 17 नवंबर 23 तक खुली रहेगी, जिसमें अभ्यर्थी लिंग (पुरुष / महिला), वर्ग (सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग / अजाति / अनु०ज०जा०) क्षेत्र ग्रामीण / शहरी एवं दिव्यांगता में सुधार कर सकते हैं।

## न्यूज झरोखा...

### तिलक नगर भारद्धाज पुरम में पेयजल की समस्या का समाधान, नलकूप का महापौर ने किया शिलान्यास



**प्रयागराज।** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी में अल्लापुर (भारद्वाज पुरम) तिलक नगर में दो नए बड़े नलकूप एवं इंटरलॉकिंग गली का शिलान्यास किया महापौर ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा काफी दिनों से पेयजल की समस्या से आज क्षेत्रवासियों को मुक्ति मिली एवं हर गली योजना के अंतर्गत गांव गांव गली गली विकसित होगा। इस अवसर पर पार्षद क्षेत्रीय विनय मिश्रा जी पार्षद उमेश मिश्रा जी बी. एल त्रिपाठी जी देवराज सिंह जी राजेंद्र प्रसाद तिवारी जी मनोज शुक्ला जी बलराम दुबे जी ज्ञानेंद्र मिश्रा जी मंजे त्रिपाठी जी सचिन निषाद जी आदि उपस्थित रहे।

### अवैध पटाखों की दुकान व नकली खोवा की भरमार

**फाफामऊ।** दीपावली के त्योहार पर थानाअन्तर्गत फाफामऊ बाजार के डिवाइडर रोड पर पटाको की दुकानें लगाई जा रही है जिनमें से कोई स्थाई लाइसेंस धारी कोई नहीं है।अस्थायी तहसील से लाइसेंस लेकर एक अनुमति पत्र पर कई दुकान लगाई जाती है।और जवलंत शील प्रदुसित आवाज दार पटाखों की ब्रिक्री की जाती है।जिससे वायु प्रदूषण व जानमाल का खतरा रहता है।इसी तरह दीपावली त्योहार पर मिठाई की दुकानों पर रगंबिरगी मिठाइयों मे मिलावटखोरों द्वारा नकली खोवा का इस्तेमाल कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।और ऊचे दामों मे मनमोहक रंगबिरंगी नकली मावा की मिठाई बेची जा रही है।इन सभी खामियों को देखने वाला कोई नही है।

### नलकूप आपरेटर की लापरवाही से किसान की फसल बर्बाद

**नवाबगंज।** हथिगहां स्थित सरकारी नलकूप आपरेटर की लापरवाही से चंपतपुर के किसान की आलू व गेंहू की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई किसान ने नवाबगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। चंपतपुर निवासी शिव शंकर शुक्ला ने नवाबगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुछ दिन पहले उसने अपने लगभग 3 बीघे खेत में आलू की बोवाई की थी तथा गेंहू लगाया था एवं खेत में ही लगभग 100 बोझ पैरा (पराली)व सूखी चरी भी रखी थी खेत के बगल में ही एक सरकारी नलकूप है जो आपरेटर की घोर लापरवाही से बुधवार की पूरी रात नलकूप चलता रहा जिससे उसके पूरे खेत में लबालब पानी भर गया और पूरी पूरी आलू व गेहूं की फसल तथा पूरा पैरा(पराली) व सूखी चरी पूरी तरह से बर्बाद हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि नलकूप आपरेटर कभी कभार की नलकूप देखने आता है नलकूप की चाभी गांव के ही एक व्यक्ति के पास रहती है जिससे आए दिन इस तरह की घटना होती रहती है पर इस आपरेटर के खिलाफ कभी कोइ कार्यवाही नहीं हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### एक मुस्त समाधान योजना का लाभ लें उपभोक्ता

**सहसों।** बिजली विभाग द्वारा एक मुस्त समाधान योजना ओटीएस का लाभ उपभोक्ताओं के लिए शुरू कर दिया गया है। प्रथम अवधि में यह 8 नवंबर से 30 नवंबर, द्वितीय अवधि में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक और तृतीय अवधि में 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तय किया गया है। इस योजना में बिजली विभाग के बकायेदार उपभोक्ताओं को छूट का राहत दिया गया है। वह रजिस्ट्रेशन कराकर एकमुश्त अपना बिल जमा कर ओटीएस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उक्त जानकारी मलावां विद्युत सब स्टेशन के जेई इंद्रेश कुमार यादव ने दिया है।

## त्योंथर की अनुषा को मिला नया जीवन

# किशोरी के पेट से निकला 5.5 किलो का ट्यूमर

**अखंड भारत संदेश**

### तीन साल से दर्द को सह रही थी किशोरी



**शंकरगढ़।** तीन वर्षों से पेट दर्द से पीड़ित नाबालिक बालिका के पेट का सफल ऑपरेशन कर स्थानीय डॉक्टर ने पेट के अंदर पल रहे भारी ट्यूमर को निकाल कर उस बच्ची को नई जिंदगी दी है, जिसकी पूरे शंकरगढ़ क्षेत्र में बड़ी प्रशंसा हो रही है। मामला शंकरगढ़ नगर पंचायत स्थित चंद्रा नर्सिंग होम का है। रीवा जिले के त्योंथर तहसील के चंदेला गांव के आनंदी प्रसाद ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी अनुषा देवी के पेट में तीन वर्षों से रह-रह कर दर्द हो उठता था। जिसका उन्होंने रीवा सहित तमाम स्थानीय अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन पेट का दर्द नहीं गया। लोगों की सलाह पर वह शंकरगढ़ नगर पंचायत स्थित चंद्रा नर्सिंग होम में लाकर डॉक्टर संजीव शाहा को दिखाया तो उन्होंने सबसे पहले अल्ट्रासाउंड करने की बात कही।

अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टर ने बताया कि इसके पेट में बहुत बड़ा ट्यूमर है। इसका ऑपरेशन करना पड़ेगा। परिजनों के अनुरोध पर बीती रात डॉक्टर संजीव साहा ने लड़की का सफल ऑपरेशन कर उसके पेट से साढे पांच किलो का ट्यूमर निकाला। सुबह उक्त ट्यूमर की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो गई। डॉक्टर शाहा ने बड़े ही सूझबूझ के साथ ऑपरेशन कर न केवल उक्त भारी भरकम ट्यूमर को निकाला, वरन उस बच्ची को नई जिंदगी दी है। डॉक्टर शाहा के सहयोग में नर्सिंग होम के अजय सिंह, डॉक्टर आरके सिंह, संतोष सिंह, स्टाफ नर्स उमा सिंह, सरिता सिंह आदि लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

### जर्मनी पादप जीवविज्ञानी ने दिया शुआट्स में व्याख्यान, जलवायु लचीली किस्मों पर चर्चा

**नैनी।** जलवायु परिवर्तन एक बड़ा मुद्दा है और उससे भी बड़ी समस्या इसके कारण होने वाली पानी की कमी की है। कृषि क्षेत्र एक गम्भीर समस्या का सामना कर रहा है और पादप प्रजनक जलवायु के अनुकूल किस्मों को विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं। इस संदर्भ में जर्मनी के कार्लजूए इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डॉ. माइकल रीमैन द्वारा सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में एक व्याख्यान दिया गया। वह एक उत्कृष्ट पादप जीवविज्ञानी हैं, जो चावल में अजैविक तनाव सहनशीलता तंत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड बायो इंजीनियरिंग में व्याख्यान दिया, जिसमें नैनी एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट, बायोलॉजिकल साइंसेज और बायोटेक्नोलॉजी के छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. रीमैन ने शुआट्स के शोध क्षेत्रों का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने जेनेटिक्स और प्लांट ब्रीडिंग के छात्रों और कर्मचारियों के साथ तकनीकी बारीकियों को साझा किया।

# निजीकरण के विरोध में गरजे रोडवेज कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

### सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

**प्रयागराज।** सरकार द्वारा परिवहन निगम के निजीकरण किए जाने के विरोध में आज गुरुवार को रोडवेज कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के बैनरतले कर्मचारियों ने बातें रखी। राजापुर स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में जुटे कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और अपनी आवाज बुलंद की।संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम कैलाश यादव ने कहा, परिवहन निगम का निजीकरण किया जाना गलत है। सरकार को इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। संगठन के क्षेत्रीय मंत्री प्रदीप कुमार तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के इस निजीकरण का हम लोग पुरजोर से विरोध करेंगे।

**क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन :** धरना प्रांत संगठन के निर्देशन में किया। घरना स्थल पर क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी भी पहुंचे थे। उन्होंने कर्मचारियों की बात सुनी। संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक को अपने मांगों के समर्थन में ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री प्रदीप तिवारी ने 18 सूत्रीय मांग पत्र को पढ़कर भी सुनाया। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मंजीत कुमार, महिपाल सिंह, संरक्षक रमाकांत तिवारी, जावेद अली, रामकरण यादव, नित्यानंद पांडेय, रमेश पांडेय, दिलीप यादव, अंकित श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतिष्ठानों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर की जाए प्रभावी रोकथामः डीएम

## जिलाधिकारी ने शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा की

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विकास भवन के सभागार में कल देर सायंकाल शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों/कार्यो की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के परियोजना निदेशक डीआरडीए ने बताया कि 93 प्रतिशत आवास पूर्ण हो गये है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लाभार्थियों के अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करायें। वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं निराश्रित महिला पेंशन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन से सम्बन्धित लाभार्थियों के जो भी शिकायतें आती है उसका निराकरण करायें एवं पात्र व्यक्तियों को पेंशन का लाभ दिलायें, कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान दें।

खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा में दौरान यह संज्ञान में आया कि राशन की दुकानों पर अपात्रों को राशन दिये जाने सम्बन्धी शिकायतें आ रही है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपात्रों का सत्यापन कराया जाये, इसके साथ ही साथ अन्य विभिन्न योजनाओं में भी सत्यापन का कार्य 30 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जाये। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त (खाद्य) को निर्देशित किया कि दीपावाली पर्व के दृष्टिगत दुकानों पर मिठाईयों एवं खोवा की जांच की जाये, मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम किया जाये। गौ-आश्रयों की समीक्षा में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि कोई भी गोवंश सड़कों पर न घूमे, गोवंशों को अस्थायी गौशालाओं में संरक्षित किया जाये और उनकी जियो टैगिंग भी करायी जाये।

गो आश्रय स्थलों एवं व्यक्तियों द्वारा गांव में संरक्षित किये गये गोवंशों का सर्वे करायें एवं रजिस्टर में अंकित करें। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 4 से 5 हेक्टेयर तक की भूमि चिन्हित करायें जिससे पर्याप्त मात्रा में गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध हो सके। यह भी निर्देशित किया गया कि पराली को अपने नजदीकी गौशालाओं में भेजवाया जाये, इस हेतु ग्राम प्रधानों के माध्यम से लोगों को प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डी0 आर0 डी0 ए0 आर0 सी0 शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# औषधीय पौधों और मोटे अनाज में छिपा है सेहत का राजः डा0 आशुतोष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरुवार को राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय शनिदेव धाम में धनवंतरी जयंती सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में औषधीय पौधों के तथा मोटे अनाजों के लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया लोगों को औषधि पौधों को बढ़ावा देने तथा मोटे अनाज का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डाक्टर ममता सचान के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम को चरक सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर आशुतोष मिश्रा ने धनवंतरी की

### शनिदेव धाम में आयोजित हुआ कार्यक्रम

प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों में सेहत का राज छिपा हुआ है। रसोई में काम करने वाली वही महिलाएं या रसोईया इसका लाभ उठा सकते हैं जिन्हें पता है कि किस बीमारी में अदरक का प्रयोग करना है और किस बीमारी में हल्दी का। उन्होंने कहा कि अजवाइन, दालचीनी, तेजपत्ता, काली मिर्च, जीरा आदि सभी रसोई में रखे जाने वाले खाद्य पदार्थ औषधि है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को सुपरफूड कहा जाता है इसमें पोषक तत्वों का भंडार छिपा है। इसको खाने से हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसे रोगों का जोखिम कम होता है तथा कब्ज व अपच से भी लोगों को निजात मिलती हैं। कार्यक्रम में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय शनिदेव में तैनात फार्मासिस्ट शिखा पांडे ने कहा कि मोटे अनाज पौष्टिक आहार के साथ-साथ सुपाच्य और स्वादवर्धक होते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शनिदेव धाम के महंत मंगलाचरण मिश्र, बबलू मिश्रा, अमरनाथ पटेल, प्रीति सीमा देवी, मुरारी, रितेश सिंह, अतुल त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# न्यायालय से वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** लूट व जालसाज के आरोप में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक दीपक यादव गुरूवार की सुबह ग्यारह बजे आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए लालगंज कस्बे में चेकिंग लगाये थे। इस दौरान पुलिस को देखकर भाग रहे दो संदिग्ध युवकों को दबोचा गया। छानबीन के दौरान दोनों आरोपी कानपुर जिले के महानगर न्यायालय से गैरजमानती वारण्ट के आरोपी निकले। आरोपियों की पहचान लल्लन पुत्र बाबूलाल व शिवकुमार पुत्र बेंचूलाल निवासीगण बारेडीह लालगंज के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# शहीद नायक उमेश कुमार दुबे को पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

## श्रद्धांजलि देने वालों में सांसद, विधायक, जिलाधिकारी व एसपी रहे शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम प्रजापतिपुर में शहीद नायक उमेश कुमार दुबे के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी रानीगंज शैलेन्द्र



शहीद उमेश दुबे को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सांसद, विधायक, डीएम व एसपी।

कुमार वर्मा, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी एवं जनप्रतिनिधिगणों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सांसद, विधायक, डीएम एवं एसपी ने शहीद के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करते हुये कहा कि इस दुःख की घड़ी में शासन एवं प्रशासन आपके साथ है। शहीदों की शहादत का कोई मूल्य नही चुकाया जा सकता। शहीद के परिवार को शासन द्वारा हर सम्भव मदद की जायेगी। ज्ञातव्य है कि रानीगंज तहसील के प्रजापतिपुर निवासी उमेश कुमार दुबे (उम्र 32 वर्ष) सेना के मेडिकल कोर में नायक पद पर आगरा में तैनात थे। बुधवार सुबह करीब नौ बजे सीने में दर्द उठने के बाद जवान की सांसे थम गई। वह गांव के कमलेश नारायण दूबे के इकलौते बेटे थे।

# डाक्टरों ने जरुरतमंद छात्रों संग बांटी दीपावली की खुशियां

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** किसी की मदद करने की इच्छा सच्चे मन से होती है। मेडिकल कॉलेज डाक्टरों ने जरूरतमंद छात्रों के साथ कुछ ऐसा ही किया। उनके संग दीपावली त्योहार की खुशियां बांटी और उपहार में जूते, बैग और मिठाई का डिब्बा दिया। डाक्टरों को अपने बीच पाकर नौनिहाल खुशी से फूले नहीं समाए। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वाधान में नगर रीवर डेल पब्लिक स्कूल में दीपावली के पूर्व आयोजित कार्यक्रम में डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज के डाक्टर आकांक्षा सिंह, डाक्टर अंबर केसरवानी,दीपिका केसरवानी, डाक्टर अदभुत की टीम ने असहाय और जरुरतमंद छात्रों के साथ त्योहार की खुशियां समझा कर एक अनूठी मिसाल पेश की है। डाक्टरों द्वारा लाए गए केक को नन्हीं बच्चियों ने काटा। अपने हाथों से खिलाया। छात्रों को स्कूली बैग, जूते और दीपावली की मिठाई बांटी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक इमरान खान ने की। संचालन अश्वनी केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में आए साहिल, शिवम, प्रिया, ओबी, अंतिमा, रिया,लाजू, अजय और आर्यन समेत चालीस छात्र छात्राओं को लाभ मिला।

# समाजवादी पिछड़ा वर्ग की बैठक में मतदाता पुनरीक्षण पर बनी रणनीति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर उनके दीघार्यु होने की कामना करते हुए धूमधाम से मनाया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने किया। बैठक में मुख्य एजेंडा निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 4 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण हो रहा है जिसमें सभी पदाधिकारीगण नेतागण एवं कार्यकर्तागण अपने अपने बूथों पर मौजूद बीएलओ के पास जाकर मतदाता सूची चेक कर लें



समाजवादी पिछड़ा वर्ग की बैठक में बोलते जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय।

जिसका भी नाम मतदाता सूची से कट गया है या 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवा लें। और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में एकजुट होकर गांव-गांव जन-पंचायत कार्यक्रम आयोजित कर समाजवादी सरकार में किये गये विकास कार्यों को आमजन को बताएं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जावेद खान, निसार अहमद, राजकुमार प्रजापति, मानवेन्द्र वर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, अरुण पाल, राकेश पाल, जियाउल इसहाक, रामसजीवन शर्मा, उत्तम सिंह यादव, इमरान सभासद, पंडित करोड़ीमल शर्मा, जयसिंह यादव, रामसुंदर यादव, शराफत उल्ला, अब्दुल खालिक, मोनू यादव, प्रदीप कुमार यादव, गुलाबचंद्र, समीर सलमानी, नफीस अहमद हनी, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स से छात्र-छात्राओं का होता है शारीरिक व मानसिक विकासः सरदार सिंह

## न्यू एंजिल्स सी0 से0 स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का हुआ रंगारंग शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के कटरा रोड स्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में जनपद के सीबीएसई स्कूलों का दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने कहा कि स्पोर्ट्स मीट में बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

उन्होंने आज बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा मार्च पास्ट की सराहना करते हुए स्पोर्ट्स मीट का गुब्बारा छोड़कर व कबूतर उड़ाकर शुभारंभ किया तथा शुभकामना दी। इस स्पोर्ट्स मीट में जनपद के सीबीएसई के 12 स्कूलों की कबड्डी टीम तथा आठ स्कूलों की खो-खो टीम भाग ले रही है। प्रारंभ में न्यू एंजिल्स की चेयरपर्सन



कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते छोड़ते जिला विद्यालय निरीक्षक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

डा0 शाहिदा ने जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह को बुके देकर व प्रधानाचार्य वीके सोनी ने भूतपूर्व सह जिला विद्यालय निरीक्षक दयाराम मौर्य रत्न को बैच लगाकर स्वागत किया। प्रारंभ में नन्हे मुन्ने बच्चों की निधि, सिया, सिद्धि, आस्था, अग्रता, समृद्धि, स्वरा, वैदिक, इंशा, सनाया रिद्धि आदि ने पहले रामायण मंचन फिर ऐरोबिक डाँस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।जूनियर वर्ग की आरोही, अमीना, आरोही, श्रेयांशी आदि ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिये मुख्य अतिथि, सरदार सिंह विशिष्ट अतिथि दयाराम मौर्य रत्न, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, बृजभानु सिंह, अनीस अहमद, विंध्याचल सिंह, डॉ शमीम, उदयभानु सिंह, बृजभानु सिंह, अंजनि सिंह, अश्वनी केसरवानी आदि ने एक साथ मिलकर आकाश की ओर गुब्बारे और कबूतर उड़ाकर खेल मे शांति, स्वतंत्रता और उत्साह का संदेश दिया। प्रतिभागी विद्यालयों के नाम संगम इण्टरनेशनल स्कूल, सेंट जेवियर चिलबिला, सेंट जेवियर स्कूल पट्टी, सेठ एम आर जयपुरिया,रायल सेकेन्डरी स्कूल, कुंडा, बी डी एस के, बी.बी एस स्कूल, आश्रम पद्धति विद्यालय, ब्रास इण्टरनेशनल स्कूल, अमीर मेमोरियल प. स्कूल, सेंट जोजेफ स्कूल कुंडा और न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन मंजू मिश्रा द्वारा किया गया। प्रथम राउन्ड में आज जयपुरिया अे न्यू एन्जिल्स, खो खो में जयपुरिया ने, ब्रास अे अमीर मेमोरियल में, अमीर मेमोरियल ने और संगम अे सेंट जेवियर पट्टी मे संगम इण्टरनेशनल ने, बीडीएस के अे बी बी एस में बी बी एस स्कूल ने बाजी मारी। कबड्डी में आश्रम पद्धति अे बी डी एस के में बी डी एस ने, संगम इण्टरनेशनल अे अमीर मेमोरियल में संगम ने, जयपुरिया अे बी बी एस वर्ना में बी बी एस वरना में बी बी एस वरना ने बाजी मारी।

# मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में पीबीपीजी कालेज रही विजेता

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुआ मैच

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंडित श्याम शंकर मिश्र स्मृति मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच मुकाबला एमडीपीजी कालेज व पीबीपीजी कालेज के शिक्षकों के बीच खेला गया। जिसमें पीबीपीजी कालेज ने चार रन से विजेता रहा।

टॉस जीतकर पीबीपीजी कालेज के कैप्टन प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पीबीपीजी कालेज ने 15 ओवर में चार विकेट खोकर 146



क्रिकेट मैच में ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ीगण।

रन बनाए। पीबीपीजी कालेज की तरफ से अरविंद सिंह ने अर्धशतक लगाया। प्रो.उपेन्द्र सिंह ने 27 रन का योगदान दिया। जवाब में कैप्टन प्रो.मनोज मिश्र की अगुवाई में बल्लेबाजी करने उतरी एमडीपीजी कालेज की टीम दसवें ओवर की अंतिम गेंद पर 142 रन पर आल आउट हो गयी। प्रो.अखिलेश पांडेय ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। पीबीपीजी कालेज की तरफ से अरविंद सिंह ने तीन मैच लिए। अर्धशतक बनाकर तीन विकेट लेने वाले अरविंद सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया। रितिक श्रीवास्तव, मनीष मिश्र ने अंपायरिंग व स्कोरिंग सक्षम पाण्डेय, मो.अरबाज ने किया। मुख्य अतिथि प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय शिक्षक संघ प्रयागराज के अध्यक्ष प्रो.पवन कुमार पचैरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर पुरस्कृत किया। संयोजक प्रमन मिश्र ने सभी का स्वागत कर आभार जताया। प्रो.बृजभानु सिंह, आनन्द पांडेय, प्रो.पीके सिंह, प्रो.केके सिंह, प्रो.अखिलेष पांडेय, प्रो.केके सिंह, डा.शिव प्रताप सिंह, डा. डीके पांडेय, डा.माया शंकर, डा.अजय सिंह, आदित्य शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### रायपुर रोड पर गंदगी से लोग परेशान, मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में रायपुर रोड पर बन रही सड़क लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। सड़क निर्माण के दौरान प्रतिदिन पानी डालकर तराई की जाती है, जिससे वहां पर गंदगी के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है, जिससे लोग परेशान नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि एक तरफ तो साफ सफाई के लिए जोर दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ इस तरह से पानी सड़क पर फैलने से जहां गंदगी हो रही है वहीं मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है वहीं राह में आने वाले राहगीर भी इसे फिसल कर चोटिल हो रहे हैं व्यापारियों का व्यापार भी इससे काफी प्रभावित हुआ है।

# पूर्व मंत्री आशुतोष टण्डन के निधन पर प्रमोद तिवारी व मोना ने जताया दुःख

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं लखनऊ के विधायक आशुतोष टण्डन के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि आशुतोष टण्डन के निधन से राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति हुई है। नेताद्वय ने कहा कि स्वर्गीय आशुतोष टण्डन के साथ पारिवारिक सम्बन्धों को लेकर इस दुःखद घटना से गहरा दुख पहुंचा है।

वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा ने जिले के रानीगंज तहसील के प्रजापतिपुर गांव के सेना में तैनात नायक उमेश कुमार दुबे की शहादत को भी संयुक्त रूप से नमन किया है। प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने कहा कि प्रतापगढ़ की महान धरती ने देश की आजादी के आंदोलन से लेकर देश की रक्षा के लिए समय समय पर अपने जाबांज सपूतों की शहादत से गौरवान्वित होती आ रही है। उन्होंने सेना के शहीद जवान के परिजनों को इस असह दुख सहन करने की ईश्वर से शक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की है। नेताद्वय का यह बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# बदमाशों के गैंगलीडर को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में ऑपरेशन क्लीन लगातार जारी है। पिछले पांच दिनों में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई चैथी मुठभेड़ में शातिर अंतर्जनपदीय बदमाश और गैंग लीडर कफील के पैर में गोली लगी है। घायलावस्था में बदमाश को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

मामला जेठवारा थाना के गजराही नहर पुलिया के पास की है जहां एक शातिर अंतर्जनपदीय

### गजराही नहर पुलिया के पास हुई थी जवाबी फायरिंग

लुटेरे और पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि लूट की योजना बनाने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी किया तो बदमाश ने पुलिसकर्मियो पर फायर झोंक दिया जिसमें जबाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की तो बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसे पुलिस कस्टडी में मेडिकल कॉलेज लाया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। हालांकि मौका पाकर उसका साथी फरार होने में सफल रहा। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुठभेड़ में घायल कफील अंतर्जनपदीय लुटेरा है और इसके ऊपर प्रतापगढ़, प्रयागराज के अलावा अन्य जनपदों में 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। कफील के पास से 32 बोर की पिस्टल, 6 खोखे भी बरामद किया गया है और इसको क्राइम कुंडली निकाली जा रही है।

### पानी भरने के विवाद में मारपीट व तोडफोड में चार के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पानी भरने के चलते हुए विवाद में घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर शेखपुर निवासी मो. रियाज उर्फ मुन्ना ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती सोलह अक्टूबर को पानी भरने को लेकर हुए विवाद में गांव की निशा बानो, सानिया, रेशमा व मो. शरीफ ने एकराय होकर लाठी डंडे से हमला बोल दिया।

# चेन स्नेचिंग गैंग का पुलिस ने किया खुलासा

## तीन महिलाओं समेत छह आरोपी भेजे गए जेल, कार समेत नगदी व जेवर बरामद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** श्रीमद्भागवत कथा में चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वाले एक गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर तीन महिलाओं समेत छह आरोपियों को चोरी की सवा लाख रुपए नकद, सोने की चेन व कटर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के पास एक चार पहिया वाहन भी पुलिस ने बरामद किया है।

लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश प्रताप सिंह व भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार के यहां श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। बुधवार की रात हो रही भागवत कथा के दौरान चेन स्नेचिंग गैंग के लोग भी श्रोता बनकर कथा में शामिल हो गए। गिरोह में शामिल महिलाओं ने सात महिलाओं की चेन को काट लिया। इसी बीच घटना पर एक महिला की नजर पड़ गई।महिला गैंग ने मामले को भांप लिया और भागने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद लोगो ने दो महिलाओं को दबोच लिया।गैंग के अन्य लोग भीड़ का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे।पकड़ी गई महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी होने पर गिरोह के लोग उन्हें छुड़ाने कोतवाली आ गए।पुलिस ने वाहन समेत उन्हे भी हिरासत में ले लिया। मामला हाईप्रोफाइल होने के नाते पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घटना का खुलासा करते हुए एक कार समेत नगदी व जेवर को बरामद कर लिया। आरोपियों की पहचान गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के संसारपार निवासी शीला देवी पत्नी रमेश, फूलमती पत्नी प्रभु, प्रभु पुत्र वंशी प्रसाद, रमेश पुत्र प्रभु, मऊ जिले के परहदा कोतवाली निवासी कुसुम देवी पत्नी राजेन्द्र, सोनू कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद के रूप में हुई।

# अध्यक्ष जिला पंचायत एवं डीएम ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

## मेधावी छात्राओं को रू0-05 हजार पुरस्कार का डमी चेक, मोमेण्टो एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** अध्यक्षा,जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने गुरुवार को उदयन सभागार में मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न बोर्डो के द्वारा आयोजित 10वी0 एवं 12वीं की परीक्षा में जनपद में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं के सम्मान समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारभ किया। अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जिलाधिकारी ने हाईस्कूल की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं यथा-धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की छात्रा-अनुष्का सिंह, हमशीर बानो, रश्मि सिंह एवं तनू सिंह, सेन्ट जोसेफ स्कूल काजीपुर की छात्रा-प्रियान्शी शाक्य व फिहा फातिमा, एसडीआरएस इण्टर कॉलेज की छात्रा-मंजू देवी, एमजीएमकेपी की छात्रा-अंशिका कोटार्य, डॉ0 भीष्म सिंह इ0कॉ0 की छात्रा-मुश्कान अग्रहरि एवं विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की छात्रा सिंदरा फातिमा को रू0-5000 पुरस्कार का डमी चेक, मेडल, मोमेण्टो एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं यथा-धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की छात्रा-खुशी सिंह व रीना चौधरी, वीएनएपी कॉलेज की छात्रा-जया मौर्या, दुर्गा देवी इं.का. की छात्रा-पूजा देवी, रमाबाई अम्बेडकर बाइकॉ की छात्रा-प्रियंका, डीडीएसएन इं.का. की छात्रा-अंजली निर्मल, रियाज इ.कॉ. की छात्रा-स्नेहा चौधरी, नन्दीवाणी प. स्कूल की छात्रा-यशी पाण्डेय, कौशाम्बी प्रेसिडेन्सी स्कूल की छात्रा-शैलजा त्रिपाठी एवं सेन्ट फ्रासिंस प. स्कूल की छात्रा-दीक्षा चौधरी को रू0-5000 पुरस्कार का डमी चेक, मेडल, मोमेण्टो एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनायें संचालित की जा रहीं है। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कॉमना करते हुए कहा कि आप लोग खूब पढें. तथा अपने परिवार, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं/ छात्राओं को उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित अनेक महिलापरक योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला कल्याण विभाग द्वारा छात्राओं को औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कराया जायेंगा। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जिज्ञासु बनें एवं क्लास में अपने अध्यापकों से सवाल अवश्य पूँछें। शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चियों को खूब पढ़ायें तथा प्रोत्साहित भी करते रहे। जिलाधिकारी द्वारा मेधावी छात्राओं से संवाद के दौरान अधिकतर छात्राओं ने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कैसे की जाय की जिज्ञासा व्यक्त की, जिस पर जिलाधिकारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि आप लोग पहले अपने अकेडमिक पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें तथा स्नातक परीक्षा के अन्तिम वर्ष से यू0पी0एस0सी0 की तैयारी करना प्रारम्भ करें। समाचार पत्र पढें-विशेषकर सम्पादकीय तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खबरों पर विशेष ध्यान दें। एक छात्रा ने कहा कि परीक्षा में कम मार्क्स आने पर क्या करें, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पढ़ाई के सम्बन्ध में अपने को दूसरे से तुलना मत करें, आप स्वयं से अपनी तुलना कर, अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें तथा अपनी कमियों को दूर करें, हतोत्साहित मत हों और न ही टेंशन लें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक एस0एन0 यादव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रतियोगिता में छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली

**अखंड भारत संदेश**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एन डी कान्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज में दीपावली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव ने सभी स्टाफ व बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा दीपावली पर बच्चों को पटाखे से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि इससे दुर्घटना हो सकती है सभी लोग फुलझड़ी का प्रयोग करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बच्चों को दीपावली के बारे में बताया कि इस दिन भगवान राम लंका के राजा रावण को मार कर अयोध्या वापस आए थे उनके आने की खुशी में नगर वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था तभी से यह पर्व मनाया जाने लगा यह त्यौहार धनतेरस से शुरू होकर भैया दूज तक मनाया जाता है पहले दिन धनतेरस दूसरे दिन नरक चतुर्दशी छोटी दिवाली तीसरे दिन दीपावली चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पांचवें दिन भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 10 की छात्रा सपना ने प्रथम स्थान तथा कक्षा 11 की छात्रा श्वेता कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 8 की छात्रा संजना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जल्दी आएं ज्यादा लाभ पाएं : विद्युत एमडी संभू कुमार

## एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं : एस के लोहाट

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत अझुवा टाउन विद्युत सब स्टेशन पर विद्युत विभाग प्रदेश एमडी संभू कुमार पहुंचे हैं उन्होंने मातहत कर्मियों एसी, एक्सईएन, एसडीओ, जेई, लाइन मैन,विद्युत कर्मियों से क्षेत्र के बड़े बकाए दारों की लिस्ट प्रस्तुत करने को कहा लेकिन कोई भी अधिकारी लिस्ट नहीं दिखा सका इस पर एम डी शंभू कुमार ने नाराजगी जाहिर की मौजूद प्रधानों और लोगों से बात की तत्पश्चात पत्रकारों से वार्ता की इन्होंने इस योजना के विषय में विस्तार से बताते हुए जनहित में प्रचार प्रसार करने को कहा जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। एमडी संभू कुमार ने कहा कि एक मुश्त समाधान योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक तीन चरणों में लागू की गई है योजना का पहला चरण 8 नवंबर से 30 नवंबर दूसरा चरण 1 दिसंबर से 15 दिसंबर और तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा 8 नवंबर से 30 नवंबर तक एक मुश्त समाधान योजना में पंजीकरण करने वाले उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा जैसे 1 किलोवाट तक भार वाले उपभोक्ता को प्रथम एवं द्वितीय चरण में पूर्ण भुगतान पर सर चार्ज राशि में 100% की छूट मिलेगी वहीं तीसरे चरण में 80 परसेंट की छूट मिलेगी इसी तरह प्रथम व द्वितीय चरण में 12 किस्तों में भुगतान पर सरचार्ज में 90% और तृतीय चरण में 70% की छूट मिलेगी एक किलो वाट से अधिक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं को एक मुश्त भुगतान के साथ में भुगतान के दो विकल्प दिए गए हैं 30 नवंबर तक बकाए का पूर्ण भुगतान पर सर चार्ज में 90% की छूट तीन किस्तों में भुगतान पर 80% की छूट और छह किस्तों में भुगतान पर 70% की छूट मिलेगी। इस दौरान उन्होंने तमाम सवालों का जवाब देते हुए बताया की जिन उपभोक्ताओं पर आरसी एवम विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज है वह भी इस योजना में लाभ ले सकते हैं विद्युत चोरी के मुकदमा दर्ज वाले उपभोक्ताओं को 10 परसेंट पंजीयन राशि जमा करने पर उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा इस योजना को व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जिले के जिला अधिकारी विकास अधिकारी सहित जिम्मेदार प्रयास कर रहे हैं,नगर अध्यक्षों,ग्राम प्रधानों,सभासदों का सहयोग लेकर इस योजना का व्यापक प्रचार और प्रसार किया जा रहा है जिससे विद्युत विभाग उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा दे सके इस मौके पर ग्राम प्रधान कानेमई शिव सिंह राजपूत, सुरेश मौर्य सभासद ,विद्युत विभाग के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे हैं।




# सीडीओ ने की जिला पोषण समिति की बैठक

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पोषण मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र पर 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत समग्र शिक्षा में सम्मिलित प्री-प्राइमरी या बाल वाटिका के बच्चों (कक्षा-01 से पूर्व) को पीएम पोषण योजना से आच्छादित किये जाने का भी प्राविधान है। आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों का नामांकन और उपस्थिति सुधार एवं 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों को पोषण स्तर में भी सुधार होगा। हाट कुक्ड मील योजना को बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर निकाय, खाद एवं रसद विभाग आदि विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जाना है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिशा-निदेर्शानुसार अपने से सम्बन्धित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्र, जो प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयां में संचालित नहीं हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषण टैकर में फीडिंग में प्रगति लाने तथा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को गोद लिए गये ऑगनबाड़ी केन्द्रों का प्रत्येक माह निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के भी निर्देश दियें इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेंध लगाकर चोरों ने लाखों का सामान किया पार

**अखंड भारत संदेश**



**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव में बुधवार की रात चोरों ने एक घर मे सेंध लगाकर लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये का जेवर व सामान सहित नगद रुपये उठा ले गए हैं मामले की जानकारी होने के बाद परिजनों के होश उड़ गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है लेकिन घटना के खुलासे चोरों की गिरफ्तारी और माल की बरामदगी करने में पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है इलाके में इसके पहले भी कई घटनाएं चोरी की हो चुकी है जिनका खुलासा करने में पुलिस फिसड्डी साबित हुई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव मे जयपाल पाल पुत्र बंशीलाल पाल के घर को बुधवार की रात बेखौफ चोरों ने अपना निशाना बनाया और घर के पीछे से दीवाल तोड़कर सेंधमारी कर घर के भीतर चोर घुस गए और घर में जमकर उत्पात मचाया जेवर सहित नगद व सामान सहित डेढ़ 2 लाख रुपए कीमत का सामान बेखौफ चोर उठा ले गये जयपाल की शादी इसी वर्ष जून महीने मे हुई थी उसकी पत्नी के सोने का लाकिट झुमका व चांदी की चैनपट्टी सहित खेती किसानी कर इकट्ठा कर बक्से मे रखा हुआ दस हजार रुपये और शादी मे मिली एक एल सी डी टीवी आदि समान बेखौफ चोर उठा ले गये। सुबह जब परिजन जागे तो घर की दीवार में सेंध और घर में बिखरे सामान को देखकर हैरान हो गये हो हल्ला मचाया परिवार के लोगों के हो हल्ला सुनकर मौके पर तमाम लोग इकट्ठा हो गये घर से कुछ दूरी पर एक खेत मे दो खाली बक्सा मिला है जिसमे रखे कपड़े भी चोर उठा ले गये जब कि इससे पहले भी चोरों ने एक रात मे पांच घरों को निशाना बनाया था उसके पहले भी इलाके में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन किसी भी मामले में पुलिस खुलासे के नजदीक नहीं पहुंच पाती है गस्त के नाम पर पुलिस पूरी तरह से लापरवाह बन चुकी है और पूरी रात अवैध वाहनों से वसूली में मशगूल रहती है जिससे घटनाओं को लगातार अपराधी अंजाम देकर मौज कर रहे हैं बीती रात इस घर से चोरी कर फिर चोर सारा सामान उठा ले गये थे भुक्तभोगी ने नजदीकी पुलिस चौकी थाना को सूचना दिया है लेकिन पूर्व की घटनाओं की तरह इस बार भी पुलिस खबर लिखे जाने तक किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है आखिर चौकी पुलिस और चोर के क्या रिश्ते हैं यहां बड़ी जांच का विषय है।

# चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

## महेश्वरी प्रसाद इं. कालेज में आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक के अंतर्गत महेश्वरी प्रसाद इं.कालेज आलम चन्द में वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपना शानदार प्रदर्शन किया प्रतियोगिता का समापन दिनांक 9 नवम्बर को हुआ इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा सभी प्रतियोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया विद्यालय विभिन्न प्रकार के खेलकूद विजेता प्रतिभागियों इस प्रकार हैं सौ मीटर की दौड़ में जूनियर वर्ग के बालक प्रथम सनी कुमार द्वितीय पंकज कुमार तृतीय रोहित व बालिका प्रथम साक्षी दिवाकर द्वितीय प्रतिभा तृतीय रीता देवी वा सीनियर वर्ग बालक प्रथम आशीष कुमार द्वितीय राहुल कुमार तृतीय नितिन यादव व बालिका प्रथम प्रिया विश्वकर्मा द्वितीय प्रियांशी तृतीय आशना वा दो सौ मीटर की दौड़ में जूनियर वर्ग बालक प्रथम पंकज कुमार द्वितीय चंद्रेश कुमार तृतीय रितिक पाल बालिका प्रथम साक्षी दिवाकर द्वितीय प्रतिभा तृतीय आंचल यादव व सीनियर वर्ग के बालक प्रथम सुरेंद्र कुमार द्वितीय राहुल कुमार तृतीय जयसिंह पाल बालिका में प्रथम आसना द्वितीय रितु सिंह तृतीय श्वेता सिंह वा चार सौ मीटर की दौड़ में बालक प्रथम ओमप्रकाश द्वितीय मनीष कुमार तृतीय पुष्पेंद्र वा बालिका में प्रथम प्रियांशी द्वितीय रिंकी यादव तृतीय राधा व सुहानी वा भाला प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग प्रथम मलखान सिंह द्वितीय पवन सिंह तृतीय राहुल कुमार बालिका वर्ग प्रथम प्रिया विश्वकर्मा द्वितीय शिल्पा सरोज तृतीय प्रियंका वह शाटपुट प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग प्रथम सुल्तान सिंह द्वितीय विकास कुमार तृतीय मोहम्मद कैफ बालिका वर्ग प्रथम करिश्मा द्वितीय आकांक्षा तृतीय अनामिका व बैडमिंटन प्रतियोगिता सिंगल आशना डबल सिमरन परवीन द्वितीय आशना वा लंबी कूद प्रतियोगिता जूनियर वर्ग बालक पंकज कुमार द्वितीय अभिमन्यु तृतीय शनि कुमार व बालिका प्रथम मीना द्वितीय आंचल तृतीय रिया सिंह सीनियर वर्ग बालक प्रथम जयसिंह पाल द्वितीय सुरजीत तृतीय विकास कुमार बालिका प्रथम वंदना कुशवाहा द्वितीय चांदनी सिंह तृतीय प्रिया विश्वकर्मा वा ऊंची कूद प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग बालक अभिमन्यु द्वितीय मंजीत तृतीय शनि कुमार व बालिका प्रथम प्रतिभा द्वितीय आंचल तृतीय स्वाती प्रजापति वा सीनियर वर्ग बालक पुष्पेंद्र द्वितीय सुजीत तृतीय मनीष जय सिंह पाल बालिका चांदनी सिंह द्वितीय रितु सिंह तृतीय अनामिका यादव इसके अतिरिक्त बालिकाओं के लिए खो-खो प्रतियोगिता बालिकाओं के लिए कबड्डी वालीबाल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का संपन्न कराई गई।

# पेड़ को काट रहे अधेड़ की दबकर मौत

## शहजाद पुर चौकी के अंतर्गत धड़ल्ले से कट रहे हरे पेड़ लकड़ी माफिया पर नहीं हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**



**कोखराज कौशाम्बी।** अवैध तरीके से हरे पेड़ को काट रहे मजदूर के ऊपर पेड़ की डाल गिर गई है जिससे मजदूर पेड़ के डाल के नीचे दब गया और घटनास्थल पर तड़प तड़प कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के शहजाद पुर पुलिस चौकी अंतर्गत अहिरारा गांव निवासी इंद्र बहादुर उम्र 40 वर्ष पुत्र रामखेलावन बरमतपुर की कुटी के पास गुरुवार को हरा पेड़ काट रहा था पेड़ काटते वक्त उसके ऊपर पेड़ की डाल अचानक गिर गयी जिससे वह पेड़ के नीचे दब गया और मौके पर ही तड़प तड़प कर उसकी दर्दनाक मौत हो गयी मौत होते ही मौके पर हड़कम्प मच गया जिस लकड़ी माफिया के संरक्षण में हरा पेड़ काटा जा रहा था वह मौके से गायब हो गया अवैध तरीके से पेड़ कटवाने वाले लकड़ी माफिया पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं हुई है। मजदूर की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मौत की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुँची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मजदूर के मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए हैं जिले में हरे पेड़ के अवैध तरीके से कटान के मामले की एक बार फिर पोल खुल गई है वन विभाग के अधिकारी से लेकर के थाना पुलिस की लापरवाही साठगांठ के चलते हरे पेड़ का कटान अवैध तरीके से होता है यदि आज हरे पेड़ का अवैध कटान ना का हुआ होता तो मजदूर की मौत ना होती लेकिन मजदूर की मौत के पहले हरे पेड़ के कटान को रोकने का प्रयास पुलिस से लेकर वन विभाग तक ने नहीं किया है अब सवाल उठता है कि क्या मजदूर की मौत के मामले में लकड़ी माफिया पर मुकदमा दर्ज कराकर पुलिस उसकी गिरफ्तारी करावेगी।

## न्यूज झरोखा

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर हालत गंभीर



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना के मोहम्मदपुर गांव के पास बुधवार शाम को ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया पास के लोगों ने इलाज के लिए पूरामुफ्ती के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक रवि सिंह पुत्र नौनिहाल सिंह निवासी नोहरी का पूरा बुधवार की शाम मनौरी बाजार समान लेने के लिए गये थे घर वापस होने के दौरान मोहम्मदपुर गांव के पास ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था पास के लोगों ने उन्हें इलाज के लिए पूरामुफ्ती के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हालत गंभीर देख इलाज के लिए प्रयागराज ले गये।

### चायल चौकी इंचार्ज ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**चायल, कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार पिपरी इंस्पेक्टर व चायल चौकी इंचार्ज मनोज तोमर ने कस्बा चायल में सघन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें 10 ई चालान 2 पहिया वाहन का किया गया वही बगैर हेलमेट चल रहे दो पहिया वाहन चालको को हिदायत देते हुए हेलमेट पहनने का दिशा निर्देश दिया और दीपावली के मद्दे नजर रखते हुए चायल कस्बा में पैदल फ्लैग मार्च किया इस दौरान पिपरी इंस्पेक्टर श्रवण कुमार सिंह व चायल चौकी प्रभारी मनोज तोमर नितेंद्र बघेल विकाश यादव धर्मेंद्र सिंह कुलदीप सिंह आदि हमराही मौजूद रहे।

### जमीन पैमाइस को लेकर किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन




**चायल कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के तहसील चायल अध्यक्ष बृजेश तिवारी के नेतृत्व में गुरुवार को किसानों का प्रतिनिधि मंडल उप जिलाधिकारी चायल से मिला और किसानों के जमीन के पैमाइश के संबंध में आ रही समस्या से संबंधित वार्ता कर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा है पैमाइस संबंधित पत्रावली को किसान हित में जल्द निस्तारण करने की मांग उप जिला अधिकारी से की गई है ज्ञापन सौपने के बाद किसान यूनियन की मासिक बैठक का आयोजन तहसील चायल में किया गया जहां किसानों के समस्याओं के संबंध में वार्ता हुई और किसानों की समस्याओं को निस्तारण करने के लिए लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया हैं इस मौके पर सुरेश कुमार आशीष कुमार राजेंद्र कुमार मेवालाल भैया लाल रामलाल राम नरेश मुन्नू लाल सहित तमाम किसान लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0 15000 तथा केवल युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20000 एवं दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000 की धनराशि निर्धारित है। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने देते हुए बताया कि शादी के समय युवक की उम्र 21 से कम तथा 45 वर्ष एवं युवती की उम्र 18 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए, दम्पत्ति आयकर दाता न हों। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए एवं ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हों। उन्होंने बताया कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए वेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, कक्ष सं0-28 विकास भवन, मंझनपुर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

## 05 वर्ष तक के बहरेपन से शिकार हुए बच्चों का कराया जायेगा निःशुल्क कॉक्लियर इम्प्लॉण्ट

**कौशाम्बी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि 05 वर्ष तक के बहरेपन (डीफनेस) से शिकार हुए बच्चां का निःशुल्क शल्य चिकित्सा के माध्यम से कॉक्लियर इम्प्लॉण्ट कराया जाना है। 05 वर्ष तक के बहरेपन (डीफनेस) से शिकार हुए बच्चों की सूचना जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय विकास भवन, मंझनपुर को उपलब्ध करायें, जिससे विभाग द्वारा चिन्हित बच्चां का निःशुल्क शल्य चिकित्सा के माध्यम से कॉक्लियर एम्प्लॉण्ट कराया जा सके।

# रामलीला मंचन : राम जन्मोत्सव पर लोगों ने की भगवान श्रीराम की जय जयकार

**अखंड भारत संदेश**

**दूसरे दिन की रामलीला में श्रीराम जन्मोत्सव, मुनि आगमन एवं तड़का वध की लीला देख भाव विह्वल हुए लोग**

**कौशाम्बी।** उदहिन बुजुर्ग चौराहा पर चल रही साप्ताहिक श्रीरामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव, ऋषि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन एवं जंगल में ऋषि मुनियों के यज्ञ सफल कराने हेतु भगवान श्रीराम जी द्वारा तड़का राक्षसी के वध की लीला दिखाई गई। मां सिंहवाहिनी रामलीला कमेटी द्वारा संचालित रामलीला के दूसरे दिन अयोध्या नरेश महाराज दशरथ को चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। सबसे बड़े श्रीराम, फिर भरत, लक्ष्मन और शत्रुघ्न हुए। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रामलीला देख रहे सैकड़ों लोगों ने भगवान श्रीराम की जय जयकार की। कुछ वर्षों के बाद जब भगवान श्रीराम बड़े हुए तो ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ के पास आए और भगवान श्रीराम को अपने आश्रम ले जाने की मांग की। राजा दशरथ ने कहा कि मेरे चौथेपन में मुझे राम जैसा पुत्र प्राप्त हुआ है और आप मुझसे मेरे सबसे प्यारे पुत्र को जंगल ले जाने की मांग करते हैं, ऐसा कैसे हो सकता है। इसपर ऋषि विश्वामित्र ने कहा कि आपके ज्येष्ठ पुत्र श्रीराम कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं ये तो धरती का पाप मिटाने वाले स्वयं भगवान नारायण श्री हरि विष्णु हैं जो राक्षसों का वध करने हेतु आपके यहां अवतार लिए हैं। हम लोग ऋषि मुनि हैं और जंगल में आश्रम बनाकर निवास एवं यज्ञ हवन करते हैं जिसपर राक्षसों द्वारा विघ्न डाला जाता है और यज्ञ कार्य सफल नहीं होता। आप हमारे महाराज हैं इसलिए हम आपके पास आए हैं। आपके पुत्र श्रीराम राक्षसों का वध कर हमारा यज्ञ कार्य सफल करवा देंगे अतएव श्रीराम को हमारे साथ जंगल प्रस्थान करने की आज्ञा दीजिए।अंततः राजा दशरथ श्रीराम लक्ष्मण को ऋषि विश्वामित्र के साथ जंगल जाने एवं यज्ञ कार्य सफल कराने हेतु आज्ञा देकर प्रस्थान किया। जंगल के रास्ते पर ताड़का नाम की राक्षसी मिली जो बहुत ही भयानक और खूंखार थी। उसने श्रीराम से जंगल छोड़ कर चले जाने को कहा अन्यथा मार डालने की धमकी दी। फिर श्रीराम ताड़का युद्ध हुआ और श्रीराम ने ताड़का का वध कर दिया। ताड़का के वध होते ही रामलीला देख रहे सभी लोगों ने भगवान श्रीराम की जय जयकार की। रामलीला के दूसरे दिन श्रीसीताराम मेला एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने बताया कि कल 10 नवम्बर शुक्रवार धनतेरस पर्व एवं परसों 11 नवंबर शनिवार छोटी दिवाली पर्व पर उदहिन बुजुर्ग चौराहे पर दो दिवसीय रात्रिकालीन दशहरा मेला का अयोजन होगा। इस अवसर पर श्रीचंद्र केसरवानी, डॉ राजेंद्र दिवाकर, सतीश सिंह, पवन मौर्य प्रधान, डॉ अरविंद मौर्य, घनश्याम सिंह, लवकुश सिंह, गुड्डू केसरवानी, ज्ञान केसरवानी, राजू केसरवानी, बिनोद सोनी, शिवम सोनी, रंजीत सरोज, कप्तान सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 15 नवम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 में रिक्त स्थानों के सापेक्ष कक्षा-9 व कक्षा 11 में पार्श्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्रों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। यह जानकारी प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय टेंवा, श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि कक्षा-9 वीं के लिए वर्तमान सत्र (2023-24) में कक्षा 8 वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थी जिनकी जन्म तिथि 01 मई 2009 से 31 जुलाई 2011 (दोनो तिथिया सम्मिलित हों तथा कक्षा 11 वीं एवं वर्तमान सत्र (2023-24) में कक्षा 10 वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थी जिनकी जन्म तिथि 01 जून 2007 से 31 जुलाई 2009 (दोनो तिथिया सम्मिलित हों एवं जनपद के ही निवासी हो तथा जनपद में अध्ययनरत हो, ऐसे छात्र दिनांक 15 नवम्बर 2023 तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं।

संपादक की कलम से

# दिल्ली-एनसीआर कैसे हो प्रदूषण मुक्त?

**हरियाणा**, उत्तर प्रदेश, पंजाब व राजस्थान में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण दिल्ली समेत एनसीआर कहे जाने वाले क्षेत्र के नागरिक भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गये हैं। हर साल सर्दियों के प्रारम्भ में आने वाले इस संकट से लोगों को मुक्ति कैसे मिले, इसके उपाय न तो पर्यावरण वैज्ञानिकों के पास हैं और न ही सरकारों के पास कि वे आखिर क्या करें। सम्बन्धित राज्य सरकारों की दिक्कत इसलिये बढ़ गई है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर बहुत सख्त हो गया है। मंगलवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान उसने दिल्ली के समीपवर्ती राज्य सरकारों से कह दिया है कि इससे उसे कोई मतलब नहीं है कि वे पराली जलाने से रोकने के लिये क्या करती हैं और क्या नहीं- कोर्ट चाहती है कि यह तत्काल रुके। उसने साफ कह दिया है कि वह लाखों नागरिकों को जहरीली हवा में सांस लेकर मरते हुए नहीं देख सकती। इसलिये इस समस्या के लिये सर्वाधिक जिम्मेदार माने जाने वाले पंजाब की सरकार की इस दलील से भी संतुष्ट नहीं है कि पिछले वर्ष के मुकाबले पराली जलाने की घटना में 40 प्रतिशत की कमी आई है।

अब देखना यह है कि इस पर कुछ राजनैतिक खींच-तान, वाद-विवाद और कानूनी जिरह के बाद यह मामला अगले साल तक के लिये फिर ठंडे बस्ते में जाता है या केन्द्र व राज्य सरकारें मिलकर कोई स्थायी समाधान निकालती हैं ताकि इस क्षेत्र के नागरिक हर वर्ष तकरीबन महीने भर के लिये गैस चेंबर बन जाने वाले दिल्ली-एनसीआर में ही रहने के लिये अभिशप्त न रहें।

उल्लेखनीय है कि आसपास के हजारों किसानों द्वारा पुरानी फसल के अवशेषों को जलाने के कारण जिस बड़े पैमाने में धुआं उठता है वह स्वाभाविक रूप से ठंडे तापमान में बहुत ऊंचे आसमान में न जाकर नीचे बैठने लगता है। इसके कारण इस पूरे क्षेत्र में फैलने वाली हवा इतनी जहरीली हो जाती है कि लोगों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। कतिपय भौगोलिक व वैज्ञानिक कारणों से इसका घनत्व दिल्ली व एनसीआर में होता है।

घनी बसाहट व वाहनों के निकलते धुएं का साथ पाकर दिल्ली सर्वाधिक प्रभावित होती है। किसी वार्षिक अनुष्ठान की तरह इस भयानक प्रदूषण पर कानूनी व सियासी विवाद शुरू हो गया है। पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर एक याचिका की सुनवाई के सिलसिले में जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच में यह मामला विचाराधीन है। पिछले लगभग एक हफ्ते से दिल्ली का हर साल की तरह यही आलम होने से सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही सख्त रवैया अपनाया जिसका अंदाजा उनके इन शब्दों से लगाया जा सकता है जिसमें उसने कहा कि 'यदि हमने अपना बुलडोजर चलाना शुरू किया तो रुकेंगे नहीं।' चूंकि पराली की समस्या के लिये पंजाब को सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता रहा है, कोर्ट ने इस राज्य को लेकर बहुत कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि वह राजनीति बंदकर आवश्यक कार्रवाई करे। साथ ही, सभी सम्बन्धित सरकारों को एक-दूसरे पर दोषारोपण करने से बचने और अपने-अपने राज्यों में पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिये।

पीठ का कहना था कि पंजाब सरकार चाहे जुमार्ना लगाये या प्रोत्साहन दे, उसे पराली जलाने पर रोक लगानी होगी। जब पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि जुमार्ना लगाना कठिन है, तो बेंच ने तंज कसते हुए कहा कि 'जुमार्ना लगाना कठिन हो सकता है परन्तु दिल्लीवासियों की सेहत बिगाड़ने में कोई दिक्कत नहीं होती।' शीर्ष कोर्ट को जब बताया गया कि किसानों को धान का उत्पादन न लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो इस पर कोर्ट ने सहमति जताई कि वैकल्पिक फसलें लेना अच्छा उपाय हो सकता है। धान की फसल की बजाय अन्य फसल लेने की बात इसलिये उठती है क्योंकि धान कटाई के बाद ही इसके अवशेषों (पराली) को जलाया जाता है ताकि रबी की फसलें ली जा सकें।

वैसे इस समस्या के राजनैतिक रंग लेने का एक बड़ा कारण यह है कि इसमें हरियाणा व उप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं तो राजस्थान में कांग्रेस की। इस बार बुरे फंसे हुए हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो पहले पंजाब को दोषी ठहराया करते थे परन्तु पिछले वर्ष वहां उनकी (आम आदमी पार्टी की) सरकार बन जाने से वे न तो अपनी सरकार की आलोचना कर पा रहे हैं, न ही बचाव। इसे उनकी आलोचना का सुअवसर जानकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला कहते हैं कि 'सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केजरीवाल के मुंह पर तमाचा है।' हालांकि आप ने कहा है कि शीर्ष कोर्ट जो भी निर्देश व सुझाव देगा, दिल्ली सरकार उनका पालन करेगी। सुनवाई के दौरान धान की जगह वैकल्पिक फसलें लेने की जो बात कही गई है, वह एक आकर्षक सुझाव तो हो सकता है लेकिन इसकी प्रक्रिया बहुत लम्बी है जिसमें कई वर्ष लग जायेंगे। कहने मात्र से किसान धान की फसलें लेना नहीं छोड़ देंगे जब तक कि उनके पास धान की बिक्री से होने वाले आर्थिक लाभ के बराबर की कमाई सुनिश्चित न हो। पंजाब में धान लेने वाले किसानों की संख्या बहुत बड़ी है इसलिये यह सुझाव भी तत्काल में अमल में लाया जाना मुश्किल है। देखना यह है कि ये सरकारें अगली सुनवाई में क्या हल लेकर आती हैं, जो शुक्रवार, 10 नवम्बर को होगी; या फिर अगले करीब एक पखवाड़े तक दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को गैस चेंबर में ही रहना होगा। उसके बाद तो वैसे ही पराली जलनी बंद हो जाती है।

# क्या तेलंगाना में होगा त्रिकोणात्मक मुकाबला ?



**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार लगातार जारी है। 30 नवंबर को राज्य में वोट डाले जाएंगे। उससे पहले राजनीतिक दल प्रचार में अपना दम दिखा रहे हैं।कर्नाटक चुनाव के बाद दक्षिण का इकलौता राज्य है तेलंगाना जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। तेलंगाना भाजपा के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा सीटें जीत कर देश को चौंकाया था। यहां तक कि KCR की बेटी को भी भाजपा ने लोकसभा चुनाव में हराया था। 2014 में 10% के मुकाबले भाजपा ने 2019 में 19.45% वोट हासिल किए थे। ऐसे में बड़ा सवाल है कि तेलंगाना में सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति का मुकाबला भाजपा और कांग्रेस त्रिकोणात्मक मुकाबला होने जा रहा है? तेलंगाना में इफ्र पार्टी पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है। तेलंगाना को परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति से बचाने के लिए भाजपा को जनता निश्चित रूप से आशीर्वाद देगी ऐसा भाजपा के नेताओं का मानना है ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है और जनकल्याणकारी योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के आम जनता तक पहुंच रही है। भाजपा को आशीर्वाद मिलता है तो एक डबल इंजन की सरकार तेलंगाना के विकास को गति देगी और बंगारू तेलंगाना (स्वर्णिम तेलंगाना) का जो सपना अधूरा रह गया था, उसे भाजपा पूर्ण करने का प्रयास करेगी। इन सब के साथ भाजपा और पवन कल्याण की पार्टी जनसेना अब राज्य में एक साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में है। दोनों दलों ने एक साथ चुनाव लड़ने की बात कही है और जल्द ही सीट बंटवारे पर भी सहमति बन जाएगी। पवन कल्याण ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों पर्टियों का लक्ष्य नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के साथ चुनाव लड़ेंगे . वैसे कहा जाता है कि तेलंगाना में भाजपा भारत राष्ट्र समिति और कांग्रेस के बाद तीसरे नंबर की पार्टी है। पार्टी को लगता है कि स्थानीय और प्रसिद्ध चेहरे को लेकर वह राज्य में खुद के लिए स्थिति मजबूत कर सकती है। इसमें पवन कल्याण एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। पवन कल्याण दक्षिण भारत के सुपरस्टार हैं और युवाओं में बेहद लोकप्रिय भी है। भाजपा के साथ पवन कल्याण के आने के बाद पार्टी को युवाओं से भी मदद मिल सकती हैं। पवन कल्याण मुन्नुरु कापू समुदाय से आते हैं। वह ओबीसी हैं। राज्य में इस जाति की आबादी 26% के आसपास है। इससे भाजपा को मजबूती मिल सकती है।

टीडीपी राज्य में चुनाव नहीं लड़ रही है। ऐसे में पवन कल्याण के साथ आने से टीडीपी का वोट बीजेपी को ट्रांसफर हो सकता है। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भले ही भाजपा का टीडीपी के साथ कोई समझौता नहीं है, लेकिन वह चाहती है कि जन सेना चंद्रबाबू नायडू के साथ अपने संबंधों का लाभ उठाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तेलंगाना में टीडीपी का वोट एनडीए को हस्तांतरित हो, न कि कांग्रेस को। यह एक राजनीतिक मास्टरस्ट्रोक है क्योंकि यह नायडू और पवन के बीच संबंधों का परीक्षण करेगा, और संभवतः इसे तनाव में भी डाल देगा। यदि टीडीपी समर्थक जन सेना को वोट नहीं देते हैं, तो भाजपा इसे विश्वासघात का मामला बता सकती है और पूछ सकती है कि नायडू आंध्र प्रदेश में पवन के समर्थन की उम्मीद कैसे कर सकते हैं, जब वह तेलंगाना में समर्थन नहीं करते हैं। दूसरी ओर तेलंगाना में कांग्रेस के लिए भी एक सहज स्थिति बन चुकी है। वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की अध्यक्ष शर्मिला ने इस बात का ऐलान किया है कि उनकी पार्टी तेलंगाना में चुनाव नहीं लड़ेगी और वह कांग्रेस का समर्थन करेगी।

आपको बता दें की अभिभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी की बहन भी हैं। शर्मिला लगातार तेलंगाना में बीआरएस सरकार पर निशाना साध रही है। वह बीआरएस सरकार को भ्रष्ट बता रही हैं। शर्मिला ने कांग्रेस को समर्थन दिया है जिसका फायदा ग्रैंड ओल्ड पार्टी को हो सकता है। हालाँकि, यह निर्णय आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ दल के लिए अच्छा नहीं रहा, खासकर इसलिए क्योंकि इसने मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को नकारात्मक छवि में चित्रित किया है। जगन ने चिंता व्यक्त की है कि कांग्रेस ने उनके मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को कमजोर करने का प्रयास किया है। वैसे कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री KCR ने पार्टी नेताओं की बैठक में कांग्रेस को अपना प्रतिद्वंद्वी माना है। मगर, राजनीति में जो बात कही जाती है उसके मायने उसी रूप में सीधे नहीं होते। ङउफ ने जिस तरीके से देशव्यापी स्तर पर गैर-भाजपा सियासत को मजबूत करने की पूरी शिद्दत से कोशिश पिछले दिनों दिखाई है उससे यही पता चलता है कि वे भाजपा को अपना प्रतिद्वंद्वी मानते हैं। स्पष्ट है केसीआर कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी बोलते हैं और भाजपा को मानते हैं। ज्ञात हो कि तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटें हैं। इनमें 19 रउ और 12 ST वर्ग के लिए सुरक्षित हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में तेलंगाना में 73.37% वोट पड़े थे। 2 करोड़ 5 लाख 99 हजार 739 लोगों ने वोट डाले थे। कुल वैध मतों की संख्या 2 करोड़ 4 लाख 70 हजार 767 थी। ळफर को 2018 के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 46.87% वोट मिले थे और उसे 88 सीटें हासिल हुई थीं। TRS प्रमुख KCR ने कर्नाटक चुनाव के बाद दावा किया है कि उनकी पार्टी को 95 से 110 सीटें आ रही हैं। दरअसल ये दावा उस माहौल को शांत करने के लिए किया गया है जो कर्नाटक में भाजपा की हार के बाद कांग्रेस, उसे तेलंगाना की सियासत से जोड़कर बना रही थी। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर रही थी कांग्रेस। उसे 28.43% वोट हासिल हुए थे और उसे 19 सीटें मिली थीं। भाजपा ने बीते विधानसभा चुनाव में 6.98% वोट हासिल किए थे और उसे एक सीट पर जीत भी मिली थी। मगर, भाजपा ने लोकसभा चुनाव में कहानी ही पलट दी। करीब 20% वोट लाकर भाजपा ने जता दिया कि वो तेजी से उभरती हुई ऐसी ताकत है जो सरकार बनाने का दमखम जुटा रही है।

इस चुनाव में यह भी देखने वाली बात होगी कि क्या भाजपा का वो दमखम 2023 में बरकरार रहने वाला है? यां कांग्रेस दोबारा अपनी स्थिती मजबूत करने में सफल होती है तेलंगाना में 2018 के विधानसभा चुनाव में कई अन्य पार्टियां भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही थीं।

इनमें BSP 2.06%, CPI-CPM 0.84%, NCP 0.14%, AIMIM 2.71% और TDP 3.51% शामिल हैं। आम आदमी पार्टी ने भी चुनाव लड़ा था और उसे मात्र 0.06% वोट मिले थे।

वैसे यह भी बात देने योग्य है कि चाहे लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा चुनाव, TRS बाकी दलों से बहुत आगे रहा है। लोकसभा चुनाव में TRS को 41.37% वोट मिले थे जबकि कांग्रेस को 29.27%। TRS ने सबसे ज्यादा 9 सीटें जीती थीं तो भाजपा ने 4 और कांग्रेस ने 3 सीटों पर कब्जा जमाया था। एक सीट AIMIM ने जीती भाजपा ने 19.45% वोट हासिल कर सबको चौंकाया था। TRS के KCR की बेटी K कविता की हार भी हैरत भरी घटना थी। वो भाजपा उम्मीदवार से चुनाव हार गई थीं। भाजपा उम्मीदवार धर्मपुरी कांग्रेस के राज्यसभा सांसद श्रीनिवास के बेटे हैं।

# भगवान धनवंतरि: जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास

**बाल मुकुन्द ओझा**

इस वर्ष धनतेरस छह दिन तक चलने वाले दिवाली पर्व का पहला दिन है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आने वाला ये त्योहार इस साल 10 नवंबर को मनाया जा रहा है। इस वर्ष कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 10 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से आरंभ हो जाएगी। इस त्रयोदशी तिथि का समापन 11 नवंबर को दोपहर 01 बजकर 57 मिनट पर होगा। उदया तिथि के आधार पर धनतेरस का पर्व 10 नवंबर, शुक्रवार को प्रदोषकाल में मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि सागर मंथन के दौरान हाथ में कलश लिए उत्पन्न हुए थे। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद जगत के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। भगवान धन्वंतरि जी की जयंती को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरि का दिवस माना जाता है। धन्वन्तरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। माना जाता है कि यदि धनतेरस के दिन विधिपूर्वक भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाए तो वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में परिवार के लोग निरोगी रहते हैं।

स्कंद पुराण के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। जब वह प्रकट हुए तो उनके हाथ में अमृत कलश और पीतल के आभूषण थे। इसलिए धनतेरस पर भगवान की पूजा के साथ बर्तन या किसी पीली धातु को जरूर खरीदा जाता है। भगवान धन्वंतरि विष्णु के अवतार थे और जब समुद्र मंथन हुआ था तो भगवान धन्वंतरि के साथ शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वदशी के दिन कामधेनु गाय, त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि, चतुर्दशी के दिन मां काली और अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए दिवाली से पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। यह सर्वविदित है कि जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास इसलिए भगवान धनवंतरि की जहां पूजा होती है, मां लक्ष्मी वहां अपने आप आ जाती हैं ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है। इसलिए धनतेरस पर धनवंतरि, कुबेर और लक्ष्मी मां की पूजा जरूर करनी चाहिए। भारत में कई मंदिरों को भगवान धन्वन्तरि मंदिर के रूप में बनाया गया है। तमिलनाडु के वालाजपत में श्री धन्वंतरि आरोग्यपीदम मंदिर स्थापित है। इस आरोग्य मंदिर का निर्माण श्रीमुरलीधर स्वामिगल ने करवाया था। मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित तक्षकेश्वर मंदिर में नागराज तक्षक और आरोग्य देव धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के पीछे महाराज परीक्षित की सर्प काटने से मृत्यु और फिर उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा नागों से प्रतिशोध की पौराणिक कथा जुड़ी है। कोयंबटूर में स्थित श्री धन्वंतरी मंदिर तमिलनाडु में एक और लोकप्रिय भगवान धन्वंतरी जी का मंदिर है। भगवान धन्वंतरि के सबसे प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में से एक है नेल्लुवाई का धन्वंतरि मंदिर।

किंवदंती में कहा गया है कि मंदिर में मूर्ति अश्विनी देवों द्वारा स्थापित की गई थी और यह वही मूर्ति थी जिसकी श्री द्वारा पूजा की जाती थी। पेरिंगवे में श्री धन्वंतरि मंदिर केरल में त्रिशूर शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक और पुराना धन्वंतरि मंदिर है। मंदिर का गर्भगृह 2 मंजिलों के साथ गोल आकार में बनाया गया है, जो अन्य केरल शैली की वास्तुकला के विपरीत एक दुर्लभ डिजाइन है। थोट्टूवा श्री धन्वंतरि मंदिर भारत के कुछ भगवान धन्वंतरि मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के पीठासीन देवता धन्वंतरि हैं और उनकी मूर्ति लगभग छह फीट लंबी और पूर्व की ओर उन्मुख है। श्री रुद्र धन्वंतरि मंदिर जो लगभग 3500 वर्ष पुराना है, पुलमंथोले के केंद्र में स्थित है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में स्थित राजबाड़ा के पास आड़ा बाजार में भगवान धन्वंतरि का 180 साल पुराना मंदिर है, जहां धनतेरस पर बड़ी संख्या में इंदौर के अधिकतर वैद्य और अन्य लोग दर्शन के लिए सुबह से आना शुरू हो जाते हैं। भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में एक धन्वंतरि मंदिर है। यह आंध्र प्रदेश का सबसे पहला धन्वंतरि को समर्पित मंदिर है।



धनतेरस पर लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं। भगवान धन्वंतरि की पूजा करते है। पौराणिक मान्यता है जो भी धनतेरस पर भगवान कुबेर, मां लक्ष्मी संग धन्वंतरि की पूजा करता है उसका घर हमेशा धन-धान्य, सुख-सुविधा और वैभव से परिपूर्ण रहता है। धनतेरस पर ज्यादातर लोग सोने-चांदी से बनी चीजों को प्रमुखता से खरीदते हैं और इसके लिए शुभ मुहूर्त पर विचार करते हैं। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त पर सोने चांदी से बने बर्तन या आभूषण खरीदने पर बहुत ही शुभ परिणाम प्राप्त होता हैं।

# इजरायल और हमास: नरसंहार के एक महीने

**इजरायल** और हमास के बीच छिड़ी जंग को पूरे एक महीने हो गए हैं। पिछले महीने यानी 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था और इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना देर किए युद्ध का शंखनाद कर दिया था। उन्होंने अपनी प्रशासनिक और खुफिया असफलता के लिए इजरायल के लोगों से माफी मांगना जरूरी नहीं समझा, न ही उन्होंने इन सवालों की परवाह की कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद इस हमले की जानकारी क्यों नहीं जुटा पाई, किस तरह हमास इतना शक्तिशाली हो गया कि उसने इजरायल पर भीषण हमला बोल दिया। नेतन्याहू इन सवालों की पड़ताल करने के लिए पहले वक्त निकालते, तो शायद ऐसा नरसंहार नहीं होता, जो इस वक्त हो रहा है। तब शायद हमास के असली इरादे पता चलते और ये भी मालूम होता कि आखिर हमास ने इतनी ताकत और दुस्साहस किसके बूते जुटा लिया। लेकिन शायद नेतन्याहू को युद्ध के मैदान में उतरने की हड़बड़ी थी ताकि हमास के बहाने फिलिस्तीनियों को पूरी तरह खदेड़ कर अपना कब्जा स्थायी कर लिया जाए।

जिस हमास को खत्म करने की कसम खाकर नेतन्याहू ने युद्ध शुरू किया, वो अब भी बरकरार है। शायद हमास का अमृतकुंड किसी इजरायली बंकर में ही छिपा हो और इसलिए वो खत्म नहीं हो पा रहा है। लेकिन उसके नाम पर अब तक 10 हजार से अधिक फिलिस्तीन मारे जा चुके हैं। इनमें 6 हजार से अधिक बच्चे हैं। इन बच्चों में भी बहुत से ऐसे हैं, जिन्होंने अपने जीवन का एक साल भी पूरा नहीं किया, कुछ बच्चों को तो मां के पेट में ही इजरायल ने खत्म कर दिया, मानो उन अजन्मी संतानों में हमास का आतंकी रूप इजरायल को नजर आता है। खून, धूल, बारूद की गंध से लिपटे, रोते-बिलखते, डर से कांपते बच्चों की तस्वीरें और वीडियो देखकर किसी भी सामान्य इंसान की रूह कांप जाए। लेकिन युद्धोन्माद में कोई सामान्य कहां रह पाता है। इजरायली सैनिक अपने आका का हुक्म बजा रहे हैं और इजरायल अपने आका अमेरिका की फरमाबरदारी कर रहा है। बिना इस बात की परवाह किए कि उसके हाथों में इतना खून लग चुका है, जिसके दाग सदियों तक बरकरार रहेंगे।

आज इजरायल ने इतने फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा, जिनमें इतने बच्चे, इतनी महिलाएं, इतने पत्रकार, इतने सैनिक, इतने डॉक्टर हैं, इजरायल ने आज अस्पताल को तबाह किया, आज राहत शिविर पर बम बरसाए, आज गजा पट्टी तक पहुंचने वाली बिजली, पानी की आपूर्ति रोक दी, आज संचार के साधनों को खत्म कर दिया, ऐसी ही खबरें रोजाना महीने भर से लगातार आ रही हैं। और इन खबरों को देखकर भी अगर हम सामान्य बने हुए हैं, तो फिर ये तय है कि हम मनुष्य कहलाने का हक खो चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिलिस्तीनियों को औसतन दिन में ब्रेड की दो स्लाइस और थोड़े से पानी में गुजारा करना पड़ रहा है। बहुतों को ये भी नसीब नहीं हो रहा है। निश्चित ही अमेरिका, इजरायल और इन देशों का साथ देने वाले तमाम सत्ताधीश आला दर्जे की संवेदनहीनता और क्रूरता दिखा रहे हैं। जिन लोगों को मासूमों की मौत, भूख-प्यास, बीमारी देखकर कोई फर्क नहीं पड़ रहा, जो खून की नदियों से धरती को मैला करने में लगे हुए हैं, क्या उन लोगों से न्याय और लोकतंत्र की रक्षा की उम्मीद की जा सकती है। किस तरह से ये तमाम शासनाध्यक्ष दुनिया से आतंकवाद मिटाकर शांति स्थापना का दावा कर सकते हैं, जबकि खुद इनके कृत्य किसी आतंकवाद से कम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ को भी अमेरिका, इजरायल और उनका साथ देने वाले तमाम देशों ने बेमानी बना दिया है। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बार-बार शांति की अपील कर रहे हैं। मानवीय आधार पर युद्धविराम की बातें कर रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी तमाम देशों में लगातार आम जनता फिलिस्तीनियों के लिए आवाज उठा रही है। खुद इजरायल की जनता नेतन्याहू की युद्धनीति का विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आई है।

लेकिन फिर भी इजरायल युद्धविराम के लिए तैयार नहीं है और उधर जो बाइडेन कह रहे हैं कि पूरे युद्धविराम की जगह मानवीय जरूरत के लिए छोटे विराम लिए जाएं। इस तरह के बयानों से अमेरिका की असली नीयत समझ आ जाती है। मानवीय जरूरत तो यही है कि किसी भी हाल में युद्ध तुरंत बंद हो और नरसंहार पर रोक लगे। छोटे विराम जैसा कोई विकल्प होना ही नहीं चाहिए। मगर युद्ध रुका तो नेतन्याहू के फिलिस्तीन पर कब्जे के मंसूबे धरे रह जाएंगे। इसलिए अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए इजरायल युद्ध किए जा रहा है और अमेरिका अपनी मदद जारी रखे हुए है।

दुनिया भर के कई राजनेता अपनी सरकारों से अलग राय रखते हुए इजरायल को आतंकी राष्ट्र घोषित करने की मांग उठा चुके हैं। नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों का मुकदमा चलाने की मांगे हो रही हैं। यह देखना दुखद है कि इंसानियत के इस मुश्किल वक्त में भारत का नेतृत्व करने वाली मोदी सरकार ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है।

## स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका भवन खोही परिक्रमा मार्ग में नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, प्रो अजय आर चैरे, बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ लखन स्वरुप, महेंद्र सिंह पटेल, वीरेन्द्र कुशवाहा एवं सीईसीडीआर फाउंडेशन के सदस्यों की मौजूदगी में संस्थान के स्थापना दिवस पर सफाई कर्मियों के सम्मान में कृतज्ञता समारोह हुआ।

गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता कर्मियों ने चित्रकूटधाम कर्वी में स्वच्छ माहौल बनाने में अहम भूमिका को परिक्रमा मार्ग में कार्यरत स्वच्छता सेवकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्वस्थ्य-सुरक्षा को पीपीई किट बांटकर उनका आभार जताया। ये कार्यक्रम दीपावली पर्व के मद्देनजर हुआ है।

कार्यक्रम में सीईसीडीआर फाउंडेशन ने स्थापना की नींव रखी। सीईसीडीआर फाउंडेशन के डायरेक्टर सुमित पयासी, आर्येन्द्र कुमार, पंकज मिश्रा कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जल दिवाली में महिलाओं को पानी से कराया रुबरु



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर जल संस्थान ने जल दिवाली में जल निगम व डूडा के संयुक्त तत्वावधान में पानी को महिलाओं, महिलाओं का पानी से रुबरु कराया।

गुरुवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समूहों की 40 महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं को जल शुद्ध करना, जल संचय करना, अपने आस-पास के लोगों एवं जिलेवासियों को जल बचाव के प्रति जागरूक करने के बारे में नोडल अधिकारी/अधिशाषी अभियंता जल संस्थान ने बताया। सभी समूह सदस्यों को वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का भ्रमण कराया। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी/जल निगम बांदा योगेश सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल संस्थान धर्मेन्द कुमार संतसंगी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक शिवा कुमार, शहर मिशन प्रबन्धक संतोष कुमार, सामुदायिक आयोजक डेएनयूएलएम डूडा चन्दन सिंह पटेल मौजूद रहे।

## चोर को दबोच बरामद किये 11950 रुपये

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस ने एक चोर के कब्जे से चोरी के 11950 रुपये समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि आठ नवम्बर को शंकर बाजार कर्वी के धर्मेन्द्र साहू पुत्र श्यामलाल साहू ने कोतवाली कर्वी में दी तहरीर में कहा कि सोनेपुर में सीमेंट-सरिया दुकान से प्रवीण कुमार वर्मा पुत्र त्रिलोकीनाथ वर्मा निवासी हरिजन बस्ती मऊ ने पचास हजार रुपये चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला प्रवीण कुमार वर्मा के खिलाफ दर्ज किया।

कर्वी कोतवाल ने आरोपी की गिरफ्तारी को चैकी प्रभारी जिला अस्पताल मुन्नीलाल को निर्देश दिये। चैकी प्रभारी जिला अस्पताल की टीम ने आज गणेश बाग से प्रवीण कुमार वर्मा को चोरी के 11950 रुपये समेत गिरफ्तार किया। रुपये बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में चैकी प्रभारी जिला अस्पताल मुन्नीलाल व सिपाही जय नारायण पटेरिया शामिल रहे।

## महाविद्यालय में कलाकारों का हुआ उत्साहवर्धन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल ने प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय में किये। लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, फोटोग्राफी, पोस्टर, भाषण विधाओं में जिले के कलाकारों ने हिस्से लिया।

बुधवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने शुभारम्भ पर कहा कि युवाओं में रचनात्मकता समेत कला व संस्कृति से परिचित होने का मौका मिलता है। कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार की मौजूदगी में जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की।

लोकनृत्य में आकांक्षा सैनी प्रथम, बबली ग्रुप कर्वी द्वितीय, आराध्या ग्रुप पहाडी तृतीय, लोकनृत्य एकल में वर्षा सिंह कर्वी प्रथम, बानू गुजराल रामपुरमाफी द्वितीय, नेहा देवी कपसेठी तृतीय, लोकगीत समूह में अर्चना ग्रुप प्रथम, राजकीय हाईस्कूल भरतकूप द्वितीय, लोकगीत एकल में आकांक्षा गुप्ता सीतापुर प्रथम, काजल ओझा एसडीएम कालोनी, कामाक्षी कर्वी द्वितीय, सोनल तिवारी सीतापुर तृतीय, फोटोग्राफी में प्रांशु केसरवानी प्रथम, सुयश कुमार द्वितीय, अंकित पटेल तृतीय, भाषण में नंदिनी शुक्ला मानिकपुर प्रथम, आयुषी शुक्ला पहाडी द्वितीय, कोमल शिवहरे मानिकपुर तृतीय, पोस्टर में आवेश सिंह प्रथम, शालिनी देवी द्वितीय, रज्जू तृतीय, कहानी लेखन में रुची सिंह प्रथम, जानकी देवी द्वितीय, शिक्षा गुप्ता तृतीय आये।

विजेताओं को जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी ने पुरस्कार बांटे। निर्णायक मंडल में श्रीमती कमला साहू, श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, श्रीमती रुबी पाल, श्रीमती सीमा कुमारी रहीं। डॉ वंशगोपाल ने संचालन किया। अन्त में जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ले सबके प्रति आभार जताया।

# खेलेगा भारत, स्वस्थ रहेगा भारतः सांसद

## खिलाडी जिले का रोशन करें नामः अशोक जाटव



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी की मौजूदगी में स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम का शुभारम्भ हुआ।

गुरुवार को दीपावली पर्व पर प्रयागराज से बुलाये नृत्यक ने मूंछों में मोमबत्ती बांधकर प्रदर्शन किया। सांसद ने जिम हाल का शुभारम्भ कर खेल प्रेमियों को समर्पित किया। उन्होंने जिम हाल में लगे यंत्रों को देखा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभी तक स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की व्यवस्था नहीं थी, स्टेडियम में आधुनिक जिम स्थापित हो गई है। अत्याधुनिक मशीन लगाई गई है, खेल प्रेमी पंजीयन कराकर शरीर सौष्ठव बना सकते हैं। जिम के अंदर ट्रेडमिल, ओलंपिक सेट, डबल साइकिलिंग, पुलिंग मशीन, स्टनर, इंक्लिन, डिक्लिन बेंच, कर्लिंग मशीन आदि लगी हैं। अभ्यास को प्रथम माह पंजीयन शुल्क 12 सौ रुपये, प्रति माह सात सौ रुपये देकर अभ्यास को प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश एक दिसंबर से जिम ट्रेनर उपलब्ध होने पर लिया जा सकता है। अधिक जानकारी को स्पोर्ट्स स्टेडियम के अख्तर हुसैन से संपर्क करें। जिम का निर्माण जिला पंचायत ने 3672000 रुपये लागत से कराया है। जिला पंचायत ने सात लाख लागत से सड़क निर्माण भी करा रही है।

सांसद ने कहा कि खेलेगा भारत, स्वस्थ रहेगा भारत। केंद्र व उप्र सरकार खेल-युवाओं के लिए समर्पित है। खेलो एवं युवाओं बाबत विकास कार्य कराये जा रहे हैं। स्टेडियम में स्विमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट व अन्य कोर्ट बन रहे हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री लगातार देश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले का गौरवशाली समय है। जिम में सभी का सहयोग है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की अगुवाई में खेलों में रुझान बढ़ रहा है। सभी क्षेत्रों में प्रदर्शन कर रहे हैं।

बैडमिंटन व अन्य खेलों की शुरूआत हो गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सभी के सहयोग व मेहनत से खिलाड़ी जिले का नाम रोशन करें। जिलाधिकारी की भूमिका सराहनीय है। स्टेडियम अच्छा बन चुका है। लाइटिंग आदि की व्यवस्था है। जिलाधिकारी के प्रयास से एक करोड़ 99 लाख का स्विमिंग पूल शासन से पास हो गया है, जल्द निर्माण होगा। इस मौके पर जिला पंचायत ने प्रभागीय वनाधिकारी को वॉटर टैंकर दिये। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार, विवेक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, डॉ सुधीर अग्रवाल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, बंदोबस्त अधिकारी मनोहरलाल धर्मान व खेल प्रशिक्षक समेत खिलाड़ी मौजूद रहे।

# अतीक के गुर्गे की भांति हो सड़क

## 144 पर काबिज लोगों पर कार्रवाई-बढे हौसलों से किये हैं तीन लोग सरकारी सडक पर अवैध कब्जा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड स्थित सडक नम्बर 144 पर अवैध कब्जा कर दुकानें बनाकर किराये पर उठाने वालों पर माफिया डान अतीक अहमद के गुर्गे/भू- माफिया जितेन्द्र सिंह प्रयागराज की भांति कठोर कार्यवाही की जाये। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही के निर्देश हैं। मुख्यमंत्री के इन निदेर्शों का जिले में पालन नहीं हो रहा है।

प्रयागराज के माफिया डान अतीक अहमद के गुर्गे/भू-माफिया जितेन्द्र सिंह ने प्रयागराज में प्राधिकरण की सरकारी जमीन जागृति चैराहा कालिंदीपुरम के पास अवैध कब्जाकर फ्लैट बनाकर लोगों को बेंचे थे। इस मामले में वह अभी तक जेल में है। उस पर लोगों के साथ धोखाधडी करने आदि के गम्भीर आरोप हैं। जिला सत्र न्यायाधीश ने उसकी जमानत भी खारिज कर दी है।

इसी प्रकार से जिला मुख्यालय कर्वी के बस स्टैण्ड पर सडक नम्बर 144 पर अवैध कब्जा कर दुकानें बनाकर डेढ दर्जन लोगों को किराये पर देने का काम तीन लोगों ने किया है। इन तीनों ने सडक नम्बर 144 व कुआ की जमीन पर अवैध कब्जाकर दुकानें बना ली हैं। ऐसे लोगों पर जिला प्रशासन ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। ऐसे में बढे हौसलों के चलते ये लोग खुद से अवैध कब्जा की गई सडक को खाली नहीं कर रहे। जिला प्रशासन को चाहिए कि सडक नम्बर 144 की जांच को एलआईयू से भी मदद ले सकता है, ताकि हकीकत का खुलासा हो सके। ये सडक खुलने से बस स्टैण्ड में आये दिन लगने वाले जाम से भी लोगों को निजात मिल जायेगी। बस स्टैण्ड पर भीड का दबाव कम होगा। पैदल व आटो रिक्शा से जाने वाले लोग इस सडक से भी निकल सकेंगे। सडक की जमीन पर दुकानें बनाकर अवैध ढंग से किराया वसूलने वाले पर जिला प्रशासन कडी कार्यवाही करे, ताकि ऐसे भू-माफियाओं को सबक मिल सके।

# ग्रामीण बेहाल, बालू माफिया मालामाल

## बरुवा तीरमऊ खदान से सडकें ध्वस्त, खदान मालिक मस्त




अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राजापुर थाना क्षेत्र के बरुवा तीरमऊ में बालू की खदान चलने से सम्पर्क मार्ग की दशा बेहद जर्जर हो गई है। ये कहना मुश्किल है कि गड्ढों पर सड़क है या सड़क पर गड्ढा हैं। सूबे के मुख्यमंत्री का दावा है कि प्रदेश की सड़कें गड्ढा मुक्त होंगी, लेकिन बालू माफियाओं ने तो ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है।

ये खुलासा गुरुवार को हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बरुवा तीरमऊ बालू खदान चलने से इस मार्ग की दशा बेहद जर्जर हो गई है। बालू खदान के लोगों से कहने पर वे फसाद पर आमादा होते हैं। लोगों को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। लगभग एक पखवाडा से जिले की यही खदान चल रही है। 35-40 ट्रक प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरते हैं। ओवरलोड बालू लादकर चलने वाले ट्रकों से सडक बेहद जर्जर हो गई है। सडक में सभी जगह बडे-बडे गड्ढे हैं। अंजान आदमी सडक पर चले तो चोटहिल हुए बिना नहीं रह सकता। तीरमऊ बरुवा बालू खदान से भारी भरकम वाहनों के फरार्टा भरने से सडकों की हालत खस्ता हो गई है।

एक पखवाडा से जिले में एक मात्र बालू खदान के चलने से खदान मालिक प्रतिदिन लाखों रुपये कमा रहे हैं। नियम विरुद्ध खदान चलाई जा रही है। नदी की बीच धारा में जेसीबी व पोकलेन मशीन उतारकर खनिज नियमों के विपरीत बालू खदान चल रही है। ग्रामीणों ने अवैध ढंग से खदान चलने की कई बार शिकायतें की हैं। खनिज विभाग के जिम्मेदार को खदान देखने की फुरसत नहीं है। शासन-प्रशासन के मूकदर्शक बने रहने से बरुवा तीरमऊ बालू खदान मालिक मालामाल हो रहे हैं।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने 450 किग्रा दूषित खोया कराया नष्ट, लिए 15 नमूने



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व पर जनता को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य/पेय सुलभ कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सात नवम्बर से जिले में विशेष अभियान चला रहा है।

गुरुवार को सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह, सुमित पाण्डेय की टीम गठित की गई है। अभियान दल ने आज खोया/मावा के सात नमूने लिए हैं। 450 किग्रा दूषित खोया, जिसकी अनुमानित कीमत 112500 नष्ट कराया। 150 किग्रा खोया 37500 रुपये खाद्य कारोबार कताओं की अभिरक्षा में दिया। आज विभिन्न खाद्य पदार्थों के 15 नमूने लेकर जांच एवं विश्लेषण को भेजे जा रहे हैं। नतीजे मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। हिदायत दी जा रही है कि मिलावटखोरी किसी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## कार में लिफ्ट देकर, महिला से किया दुष्कर्म, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के दो युवकों पर रास्ते में चारपहिया वाहन में लिफ्ट देकर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। डेढ़ साल पुराने मामले में अदालती आदेश पर आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ये घटना है 28 फरवरी 2022 की। पीड़िता ने बताया कि वह मायके से लौटते समय कर्वी बस स्टैण्ड में बस का इंतजार कर रही थी। गांव के राजेंद्र सिंह उर्फ बिक्कू व भोंडा खान चारपहिया वाहन से मिले। उन्होंने साथ चलने को कहा, वह वाहन में बैठ गई। आरोप लगाया कि रास्ते में दोनों युवकों ने दुष्कर्म किया। फिर सड़क किनारे फेंककर भाग गए। मामले की कोतवाली व पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो उसे लौटा दिया गया।

उसने अदालत की शरण ली। कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि अदालती आदेश पर दो के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्जकर जांच शुरू की गई है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## आबकारी-पुलिस टीम ने छापेमारी कर पकडी 31 लीटर महुआ शराब, 25 क्वार्टर समेत एक दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दीपावली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में आबकारी निरीक्षक नीरज वर्मा की टीम व राजापुर थाने के दरोगा कन्हैयालाल सिंह की संयुक्त टीम ने रुपौली गांव में छापेमारी कर 21 लीटर महुआ शराब समेत 40 किलो महुआ बरामद किया।

गुरुवार को संयुक्त टीम ने रुपौली गांव में छापेमारी कर पवन कुमार सरोज पुत्र स्व बोधन को महुआ की देशी शराब बनाते मौके पर गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 21 लीटर देशी महुआ शराब व 40 किलो महुआ लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। लहन को मौके पर नष्ट किया।

इसी क्रम में राजापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा मुकेश परिहार ने सिपाही शुभम त्रिपाठी व जितेन्द्र मौर्या के साथ देशराज पुत्र भैरव रैदास निवासी कुशियापुरवा काशीनगर के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

आबकारी टीम व मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की संयुक्त टीम ने बम्बुरी गांव में छापेमारी कर केवला देवी पत्नी अशोक कुमार निवासी बम्बुरी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया।

## मिशन शक्ति के उद्देश्यों की नोडल ने दी जानकारी, महिलाओं को किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थानाध्यक्ष महिला थाना कर्वी, ब्लॉक की एनआरएलएम परियोजना के तहत ग्राम संगठन में लेखाकार के बतौर चयनित महिलायें एवं डीपीआरसी डिलौरा में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं के साथ गोष्ठी की। गुरुवार को सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया। महिलाओं को सुरक्षा बाबत यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्पलाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, एम्बुलेन्स सेवा 1930, साइबर हेल्पलाइन के बारे में बताया। इस मौके पर मौजूद महिलाओं को बताया कि सभी थानों में महिला सुरक्षा/सहायता को हेल्पडेस्क है। महिला पुलिस कर्मी महिलाओं की शिकायत सुनकर समय से निस्तारित करती हैं। मौजूद लोगों को महिला सुरक्षा बाबत पंपलेट बांटे। महिलाओं/बालिकाओं को निर्भीक होकर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रयोग करने को कहा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बन निर्भीक होकर कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की राय दी। एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताया। सादे वस्त्रों, प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास टीमें तैनात रहती हैं। शोहदे/मनचलो पर कार्यवाही करती हैं।

## चौधरी राकेश टिकैत ने गौतम बुद्ध नगर संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की

**ग्रेटर नोएडा**

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने गौतम बुद्ध नगर संगठन के कार्य कताओं के साथ मीटिंग की।

ग्रेटर नोएडा में परी चौक के पास भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने सभी कार्यकताओं को बताया की संगठन का कैसे विस्तार करें? वह लिखित रूप में अधिकारियों को अपने कार्य के बारे में सचेत करें। बाद में इसके बारे में आप जानकारी करें।

# स्पेन में आतंकी गतिविधियों के आरोप में 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**मैड्रिड (स्पेन)**

**यूरो वीकली** न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, स्पेन में पुलिस ने पाकिस्तान मूल के 14 लोगों को गिरफ्तार किया है और देश में स्थित एक संदिग्ध जिहादी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। एक महीने पहले इजरायल पर हमास के हमले के बाद देश में आतंकवाद विरोधी चेतावनी स्तर बढ़ाए जाने के बाद स्पेन के सामान्य सूचना आयुक्त कार्यालय द्वारा शुरू किए गए एक ऑपरेशन के हिस्से के रूप में गिरफ्तारियां की गईं। यूरो वीकली न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, संभावित हमलों से बचने के लिए स्पेनिश सुरक्षा बलों ने संदिग्धों पर निगरानी दोगुनी कर दी है। स्पेन के सबसे बड़े अंग्रेजी अखबार यूरो वीकली न्यूज के अनुसार, हिरासत में लिए गए सभी लोग पाकिस्तानी मूल के थे और कहा जाता है कि वे कैटेलोनिया, वालेंसिया, गुइपुजकोआ, विटोरिया, लोग्रोनो और लिलेडा में रहते थे। पुलिस सूत्रों ने एक स्थानीय दैनिक ला रजोन की गिरफ़्तारी की पुष्टि की।



गिरफ्तार किए गए लोगों को कथित तौर पर बुधवार (स्थानीय समय) पर अदालत में पेश किया जाएगा। यूरो वीकली न्यूज ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि इन व्यक्तियों ने एक नेटवर्क बनाया जिसमें जिहादी संदेश और उच्च स्तर की कट्टरता ऑनलाइन प्रसारित की गई।

द यूरोपियन कंजर्वेटिव के पत्रकार डेविड एथरटन ने सोशल मीडिया ऐप एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ये 14 पाकिस्तानी जिहादी पाकिस्तान में एक इस्लामी चरमपंथी राजनीतिक दल तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, स्पेन में 14 पाकिस्तानी जिहादियों को आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वे कैटेलोनिया, वालेंसिया, गुइपुजकोआ, विटोरिया, लोग्रोनो और लिलेडा में रहते थे। वे पाकिस्तान में एक इस्लामी चरमपंथी राजनीतिक दल तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं।

यूरो वीकली न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने स्पेन की राष्ट्रीय पुलिस ने इसी तरह का एक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया था, जहां पुलिस ने चार संदिग्ध जिहादियों को पकड़ा था।

# सीरिया के सैन्य स्थलों पर इजरायल ने बोला हमला, तीन ईरानी लड़ाकू विमान हुए नेस्तनाबूद

**दमिश्क**

**सीरिया** की राजधानी दमिश्क के पास शक्तिशाली लेबनानी हिजबुल्लाह ग्रुप से जुड़े कई इलाकों पर बुधवार को हवाई हमले किए गए। इन हवाई हमलों में तीन ईराक समर्थक लड़ाके नेस्तनाबूद हो गए। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, गाजा पट्टी में इजरायल-हमास की जंग को लेकर क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के चलते इजरायल ने पिछले महीने में सीरिया पर कई बार हमला बोला।

सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स वॉर मॉनिटर के चीफ रामी अब्देल रहमान ने कहा कि अक्राबा और सैय्यदा जैनब के पास हिजबुल्लाह के खेतों और अन्य साइटों पर इजरायली हमलों में तीन गैर-सीरियाई ईरान समर्थक लड़ाके मारे गए। रडवफ ने कहा कि अक्राबा में एक सैन्य हवाई अड्डा है, जो दमिश्क के इंटरनेशनल हवाई अड्डे से लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर है।



**हमलों से भारी हुआ नुकसान**

एएफपी के अनुसार सीरिया के भीतरी सूत्रों के नेटवर्क वाले मॉनिटर ने कहा कि इजरायल ने देश के दक्षिणी स्वेइदा प्रांत में सीरियाई वायु रक्षा स्थलों पर भी हमला किया। इसी क्रम में सीरियाई राज्य मीडिया ने कहा कि इजरायली हवाई हमलों ने दक्षिणी सीरिया में सैन्य स्थलों पर हमला किया, जिससे कई जगहों पर नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि हमास ने इजरायल पर हमला बोला। इस हमले में लगभग 1400 लोगों की मौत हुई। वहीं अन्य 239 को बंधक बना लिया गया।

**इजरायल-हमास जंग में अब तक 10569 लोगों की मौत**

इजरायल ने जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी पर लगातार बमबारी और जमीनी आक्रमण किया, जिसमें हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 10,569 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर नागरिक भी शामिल हैं। पिछले महीने, इजरायली हमलों ने सीरिया के दो मुख्य हवाई अड्डों दमिश्क और अलेप्पो को दो सप्ताह में कई बार सेवा से बाहर कर दिया था।

## युद्ध खत्म होने के बाद गाजा और वेस्ट बैंक में हो फिलिस्तीनी नेतृत्व की सरकार, अमेरिकी विदेश मंत्री की अपील

**वाशिंगटन**

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा और वेस्ट बैंक के लिए एकजुट और फिलिस्तीनी नेतृत्व वाली सरकार का आह्वान किया। यह दृष्टिकोण सैन्य अभियान समाप्त होने के बाद फिलिस्तीनी क्षेत्रों का भविष्य कैसा होना चाहिए इस ओर एक कदम है।

**जापान में औद्योगिक लोकतंत्र समूह की बैठक**

बता दें कि ब्लिकंन सात प्रमुख औद्योगिक लोकतंत्र समूह की बैठक के लिए जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे थे। यह बैठक इजराइल में हमास के 7 अक्टूबर के हमलों और गाजा में फंसे 2.3 मिलियन फिलिस्तीनियों की पर केंद्रित थी।गाजा के लिए आगे क्या होना चाहिए इस पर अमेरिकी क्या सोचते हैं इसको लेकर विदेश मंत्री ब्लिंकन ने यूएस का पक्ष रखा।

**अमेरिकी की बढ़ी चिंताएं**

अमेरिका की रूपरेखा इजरायल की कट्टर-दक्षिणपंथी सरकार के अधिकारियों और उसके समर्थकों द्वारा युद्ध के बाद के परिदृश्यों पर एक जांच के रूप में भी काम करती है। वहीं, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयान से स्पष्ट हो रहा है कि इजरायल की सेना अनिश्चितकाल के लिए गाजा पर सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखेगी। इसको लेकर भी अमेरिकी चिंताएं बढ़ गई हैं। ब्लिंकन ने जापान में कहा की गाजा के लिए युद्ध के बाद की किसी भी शासन योजना में फिलिस्तीनी नेतृत्व वाला शासन और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के तहत वेस्ट बैंक के साथ एकीकृत गाजा शामिल होना चाहिए।

## टेक्सास में संदिग्ध मानव तस्कर का पीछा करने के दौरान भीषण सड़क हादसा, दुर्घटना में 8 लोगों की मौत

**ऑस्टिन (टेक्सास)**

दक्षिण टेक्सास के एक राजमार्ग पर मानव तस्करी के लिए प्रवासियों को ले जाने के संदेह में एक कार के चालक के पुलिस से भागने और सामने आ रहे एक वाहन को टक्कर मारने से आठ लोगों की मौत हो गई। राज्य के जन सुरक्षा विभाग ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 6.30 बजे हुई जब 2009 की होंडा सिविक के चालक ने जावला काउंटी शेरिफ कार्यालय के सहायकों को कुचलने की कोशिश की और दो लेन वाली सड़क पर एक अर्ध ट्रक को पार करने की कोशिश की। इस दौरान सिविक 2015 शेवरले इक्विनॉक्स से टकरा गई।

डीपीएस के अनुसार, सिविक में चालक और पांच यात्रियों की मौत हो गई। विभाग के प्रवक्ता क्रिस्टोफर ओलिवारेज ने एक बयान में कहा कि कुछ यात्री होंडुरास के रहने वाले थे। इक्विनॉक्स में सवार दो लोग जो जॉर्जिया के रहने वाले थे, उनकी भी मौत हो गई। ओलिवारेज ने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान पहले उनके परिवारों को दी जाएगी। सैन एंटोनियो से लगभग 80 मील (130 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में बेट्सविले के पास बुधवार की दुर्घटना प्रवासियों से जुड़ी नवीनतम घातक वाहन दुर्घटना है, जो मार्च 2021 में कैलिफोर्निया के दूरस्थ होल्टविले में टक्कर में 13 लोगों की मौत के बाद से सबसे अधिक मौत है। टेक्सास के अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन ने जनवरी 2010 से इस साल जून तक सीमा गश्ती वाहन गतिविधियों में 106 मौतों का पता लगाया है। 2019 के माध्यम से प्रति वर्ष औसतन 3.5 मौतें हुईं, लेकिन 2020 में इसमें वृद्धि हुई। जिसके बाद अधिकारियों ने बढ़ती सुरक्षा की ओर ध्यान रखते हुए वाहन गतिविधियों के लिए एक नई नीति विकसित की है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## Taliban के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में बढ़े आतंकी हमले, पाक पीएम ने तालिबान सरकार पर साधा निशाना

**इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर निशाना साधा है। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने बुधवार को कहा कि 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं के मामले बढ़ें हैं।

# गाजा के घरों मे अब इंसान नहीं, हथियारों का बसेरा

**गाजा पट्टी**

इजरायल हमास युद्ध का 34वां दिन है। गाजा शहर को दो टुकड़ों में तोड़ने के बाद इजरायली सैनिकों ने हमास के खिलाफ युद्ध अभियान और तेज कर दिया है। मंगलवार को 15, 000 से ज्यादा लोग उत्तरी गाजा को छोड़ने में कामयाब हो सके। इस क्षेत्र में हमास के ठिकानों पर इजरायली सैनिकों द्वारा लगातार बमबारी और गोलीबारी की जा रही है।

समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 10,500 लोग मारे जा चुके हैं। हजारों फलस्तीनी नागरिक को पैदल ही उत्तर गाजा छोड़कर दक्षिण क्षेत्र की ओर पलायन कर रहे हैं।

**पत्रकारों ने देखी गाजा की वीभत्स तस्वीर**

इजरायली सैनिकों ने कई अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को उत्तर गाजा में जाने की इजाजत दी। पत्रकारों ने बताया कि उत्तरी गाजा में हर तरफ पेड़ जमीन पर गिरे हैं। कई इमारतों वीरान पड़ी है। कहीं रॉकेट के अवशेष पड़े हैं तो किसी घर में फलस्तीनी झंडे टंगे हैं। इमारत खाली होने की वजह से इजरायली सैनिक बिल्डिंग के अंदर गोला-बारूद और युद्ध की रणनीति बना रहे हैं।



**गाजा में तीन लाख लोगों ने छोड़ा अपना घर**

पत्रकारों ने तकरीबन दो घंटों तक गोलियों की आवाज सुनी। हालांकि जिन जगहों पर गोलीबारी हो रही थी उन जगहों पर पत्रकार नहीं जा सके। वहीं, इजरायली सैनिकों ने पत्रकारों से ज्यादा इधर-उधर न घूमने की हिदायत दी। जानकारी के मुताबिक, गाजा में 70 प्रतिशत आबादी अपने घर को छोड़ने पर मजबूर हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 3 लाख लोग को अपने घर छोड़ चुके हैं।

**युद्धविराम का कोई सवाल नहीं: बेंजामिन नेतन्याहू**

बताते चलें कि युद्धविराम की बातों को फिलहाल इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने काफी पीछे छोड़ दिया है। नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास के आतंकी सभी इजरायली नागरिकों को अपने कब्जे से रिहा नहीं कर देते, तब तक हम युद्धविराम के बारें में नहीं सोच सकते।

**तीन दिनों के लिए रुक सकता है युद्धः अमेरिका**

संयुक्त राष्ट्र के साथ ही जी 7 देशों ने गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति और वितरण के लिए हमलों को कुछ समय के लिए रोके जाने की आवश्यकता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू से टेलीफोन पर वार्ता के बाद संकेत दिया है कि इजरायली सेना के हमले तीन दिनों के लिए रुक सकते हैं। इस दौरान मानवीय सहायता के वितरण के साथ ही बंधकों की रिहाई की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है। माना जा रहा है कि हमास, इस्लामिक जिहाद व अन्य संगठनों के पास सात अक्टूबर को इजरायल से अगवा किए 240 लोग हैं।

## अमेरिका में राज्य और स्थानीय चुनाव में कम से कम 10 भारतीय अमेरिकी ने हासिल की जीत



**वॉशिंगटन**

**कम से कम** 10 भारतीय-अमेरिकियों, जिनमें से लगभग सभी डेमोक्रेट हैं, ने देश के कई हिस्सों में हुए स्थानीय और राज्य स्तरीय चुनावों में जीत हासिल की है, जो जातीय समुदाय के बढ़ते राजनीतिक सशक्तिकरण को दशार्ता है, जो अमेरिका की आबादी का एक प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। वर्जीनिया में, हैदराबाद में जन्मी गजाला हाशमी को लगातार तीसरी बार राज्य सीनेट के लिए फिर से चुना गया। वह वर्जीनिया राज्य विधान के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी महिला और मुस्लिम थीं। सुहास सुब्रमण्यम को वर्जीनिया राज्य सीनेट के लिए फिर से चुना गया। उन्हें 2019 और 2021 में दो कार्यकाल के लिए प्रतिनिधि सभा के लिए चुना गया था। ओबामा प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस में पूर्व प्रौद्योगिकी नीति सलाहकार, ह्यूस्टन में जन्मे सुब्रमण्यन वर्जीनिया हाउस के लिए चुने जाने वाले पहले हिंदू हैं।

बिजनेस लीडर कन्नन श्रीनिवासन, जो 90 के दशक में भारत से आए थे, भारत-अमेरिकी प्रभुत्व वाले लाउडन काउंटी क्षेत्र से वर्जीनिया हाउस ऑफ डेलीगेट्स के लिए चुने गए थे। वर्जीनिया में सभी तीन विजेता डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और न्यू जर्सी से भी तीन विजेता हैं। पेंसिल्वेनिया में, डेमोक्रेटिक नील मखीजा ने मोंटगोमरी काउंटी कमिश्नर का प्रतिष्ठित पद जीता, जबकि भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक डॉ. अनीता जोशी ने इंडियाना में कार्मेल सिटी काउंसिल सीट के लिए पश्चिम जिला सीट जीती। मखीजा राष्ट्रमंडल के 342 साल के इतिहास में किसी काउंटी के आयुक्त बोर्ड में सेवा देने वाले पहले भारतीय अमेरिकी या एएपीआई (एशियाई अमेरिकी और प्रशांत द्वीपवासी) हैं। डॉ. जोशी रिपब्लिकन गढ़ में जीत हासिल करने वाले एकमात्र डेमोक्रेट हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्मी और पली-बढ़ी, भारत-अमेरिकी प्रिया तमिलारासन ने ओहियो में गहना सिटी अटॉर्नी के लिए चुनाव जीता।

जिम्बाब्वे से आए भारतीय मूल के गैर-लाभकारी लैंड बैंक के सीईओ अरुणन अरुलमपालम को कनेक्टिकट में हार्टफोर्ड के मेयर के रूप में चुना गया था।

# अमेरिका के इंडियाना जिम में हुई थी चाकूबाजी, गंभीर रूप से घायल भारतीय छात्र की हुई मौत

**वाशिंगटन**

अमेरिका के इंडियाना राज्य में पिछले हफ्ते एक हमलावर ने 24 वर्षीय भारतीय छात्र वरुण राज पुचा को एक फिटनेस सेंटर में चाकू मार दिया गया था। गंभीर रूप से घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिस विश्वविद्यालय का वरुण छात्र था उसने सूचना दी कि वरुण ने दम तोड़ दिया है। वालपराइसो यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस के छात्र वरुण को 29 अक्टूबर को सार्वजनिक जिम में 24 वर्षीय हमलावर जॉर्डन एंड्रेड ने चाकू से सिर में वार कर दिया था। इस मामले की जांच अधिकारी अभी भी कर रहे हैं। वरुण कंप्यूटर विज्ञान का छात्र है। घटना के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर घातक हथियार से हमला करने और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है।

**वालपराइसो विश्वविद्यालय ने वरुण के लिए जताया शोक**

वालपराइसो विश्वविद्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, ह्भारी मन से हम वरुण राज पुचा के निधन की खबर आपसे साझा कर रहे हैं। हमारे कैंपस समुदाय ने आज एक अपने छात्र को खो दिया है और इस दुख के समय हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं वरुण के परिवार और दोस्तों के साथ हैं।

**हमलावर हुआ गिरफ्तार**

घटना के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर घातक हथियार से हमला करने और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है। 16 नवंबर को वालपराइसो विश्वविद्यालय परिसर में वरुण की स्मृति और स्मारक की एक सेवा की योजना बनाई जा रही है।



## इमरान खान को उनके बेटे से बात नहीं कराना गलती थी', अदियाला जेल के अधीक्षक ने कोर्ट में मांगी माफी

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के अदियाला जेल के शीर्ष अधिकारी ने कोर्ट के आदेश के बावजूद जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके बेटों से बात करने की अनुमति नहीं देने पर विशेष कोर्ट में माफी मांगी। इमरान के बेटे सुलेमान खान और कासिम खान ब्रिटेन में उनकी पूर्व पत्नी जेमिमा के साथ रहते हैं। इमरान ने जेमिमा को 2004 में तलाक दिया था।

**कोर्ट ने जेल अधीक्षक को जारी किया था नोटिस**

विशेष कोर्ट के जस्टिस अबुल हसनत जुल्करनैन ने सोमवार को कोर्ट के आदेश के बावजूद खान की उनके बेटों से फोन पर बात कराने का इंतजाम नहीं करने पर अदियाला जेल अधीक्षक को नोटिस जारी किया था। कोर्ट में अपने जवाब में वरिष्ठ जेल अधिकारी ने मंगलवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री को अपने बेटों से बात नहीं करने देने के लिए माफी मांगी। अधीक्षक ने कोर्ट में कहा कि गत 18 अक्टूबर को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) अध्यक्ष की उनके बेटों से बात कराने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।